हरिभूमि
# रायपुर भूमि



# तेलीबांधा के इस जाम से बचाएगा सिक्स लेन फ्लाईओवर
## लेकिन इस पर अभी तक एनओसी का पेंच



**तेलीबांधा से लभांडी के बीच निर्माण के लिए एनएचएआई से मांगा एनओसी, ड्राइंग डिजाइन तक नहीं बना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

शहर की बड़ी आबादी के लिए चौड़ी सड़कें और ओवरब्रिज बनवाने के बाद भी ट्रैफिक जाम से मुक्ति नहीं मिल पाई है। अभी भी रोज तेलीबांधा तिराहा से लभांडी के बीच आए दिन कारों और भारी वाहनों का रेला लगता है। इस ट्रैफिक जाम से लोगों को बचाने और वीआईपी मूवमेंट की बेहतरी के लिए बनाई गई योजना को आकार देने की प्रक्रिया 7 महीने से फाइलों में है। इससे 6 लेन फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति के बाद भी प्रोजेक्ट फाइलों में फंसा है।

राजधानी के तेलीबांधा तिराहा से लेकर लभांडी में अग्रसेन धाम टर्निंग के बीच दिन ही नहीं, बल्कि रात में भी भारी ट्रैफिक का दबाव रहता है। इसकी बड़ी वजह है वीआईपी ⏭ शेष पेज 11 पर

### आउटर में बढ़ी कॉलोनियां

न्यू राजेन्द्र नगर, टिकरापारा, संतोषी नगर के लोग रिंग रोड क्रमांक से जुड़े बड़े होटलों, शॉपिंग मॉल ही नहीं समय-समय पर नया रायपुर स्थित इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले मैच देखने हजारों की तादाद में जाते हैं। इसके कारण देर-रात तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। साथ ही जोरा, लभांडी, अमलीडीह, खम्हारडीह के लोग ही नहीं नया रायपुर से शहर में आने वाले लोग भी ट्रैफिक जाम में ही नहीं फंसते, बल्कि दुर्घटना का भी शिकार होते हैं। इससे राहत देने वाला प्रोजेक्ट एनओसी के इंतजार में है।



### इस वजह से बढ़ता है दबाव

हाईवे होने के साथ ही शहर की कई सपोर्टिंग सड़कें भी जुड़ती हैं। इससे हजारों वाहनों का दबाव टुकड़ों में हाईवे पर आता है। इस तरह की स्थिति तेलीबांधा थाना, राजेन्द्र नगर, जोरा, कचना रूट से आने वाले हजारों की तादाद में वाहनों के कारण बनती है। शॉपिंग मॉल, कई सामाजिक भवन के साथ ही इंटनेशनल स्टेडियम भी है। नया रायपुर में संचालित प्राइवेट स्कूल-कॉलेज की बसों की आवाजाही भी इसी रूट से रहती है। हाईवे होने से दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण भी ट्रैफिक जाम होता है।

### एनओसी के लिए प्रक्रिया जारी

6 लेन फ्लाई ओवरब्रिज बनाने के लिए शासन से वित्तीय स्वीकृति मिली है। एनएचएआई की सड़क से जुड़ा मामला होने से एनओसी मिलने के बाद ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ड्राइंग-डिजाइन भी बनवाई जाएगी।
- **मोहन लाल उरॉव**, सीई, सेतु विभाग, रायपुर

## खबर संक्षेप

### शादी समारोह से नकदी-जेवर समेत 3.50 लाख की चोरी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ शादी समारोह में नकदी 50 हजार रुपए सहित साढ़े तीन लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक टाटीबंध निवासी ईश्वरी प्रसाद हरित ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। ईश्वरी ने पुलिस को बताया कि 30 अप्रैल को उनकी पत्नी के भतीजे की शादी थी। बारात शांति चौक होते हुए सोनकर बाड़ा जा रही थी। इसी दौरान दूल्हे के पास बग्घी में रखी नकदी रकम तथा जेवर पर अज्ञात चोर ने हाथ साफ कर दिया।

### 22 किलो गांजा जब्त, दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अंतर्राज्यीय तस्करों को चार लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 22 किलो गांजा के जब्त कर गिरफ्तार किया है।



पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी करने के आरोप में महाराष्ट्र, अमरावती निवासी सतीश दौलत राव नांदुरकर, पंकज सुरेश राव राजनकर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों तस्कर गांजा को ओडिशा मुनीगुड़ा से तस्करी कर अमरावती ले जाने की फिराक में इंटरस्टेट बस टर्मिनल में बस आने का इंतजार कर रहे थे।

### दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार, बुलेट बरामद

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक दोपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक चोरी की बुलेट जब्त की है। पुलिस के मुताबिक दोपहिया चोरी करने के आरोप में पंडरी निवासी अश्विन भाटी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस के अनुसार मनीष साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मनीष ने पुलिस को बताया कि 23 अप्रैल को वह अपने घर के बाहर बुलेट को लॉक कर खड़ी की थी, दूसरे दिन सुबह घर के बाहर बुलेट नहीं मिलने पर मनीष ने थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई।

### उधार लेन-देन के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** आमानाका थाने में एक युवक ने दो अन्य के खिलाफ लेन-देन के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक हीरापुर निवासी निशांत कुमार पाण्डेय ने प्रवीण सिंह तथा उसके एक अन्य साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। निशांत ने पुलिस को बताया कि लेन-देन के विवाद में आमानका स्थित छुईया तालाब के पास प्रवीण ने उसका रास्ता रोक मारपीट की तथा गाड़ी की चाबी से उसके चेहरे को चोट पहुंचाई।

## बढ़ती कीमतों ने बिगाड़ा रसोई का जायका, थोक और चिल्हर के भाव में काफी अंतर

# मुनाफाखोरी से पतला चावल पहुंचा 65 पार
# अरहर का दोहरा शतक, आलू भी उबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


हरिभूमि सरोकार

धान की कीमत में लगातार इजाफा होने का बड़ा असर चावल की कीमत पर पड़ रहा है। जो पतला चावल बीते साल 48 से 50 रुपए में मिल रहा था, वह अब नए साल में चिल्हर में 65 रुपए के पार हो गया है। चिल्हर में जमकर मुनाफाखोरी का खेल चल रहा है। कीमत पर कोई लगाम नहीं है, जिसको जैसी मर्जी अपने हिसाब से रेट लगा रहा है। मोटा चावल भी अब चिल्हर में 45 रुपए के पार हो गया है। आने वाले समय में मोटा चावल 50 रुपए और पतला चावल कभी भी 70 रुपए के पार हो जाएगा। इधर, अरहर दाल एक बार फिर दो सौ रुपए किलो पहुंच गई है। आलू की कीमत भी चिल्हर में 40 रुपए हो गई है। महंगाई किसी भी हाल में थमने का ⏭ शेष पेज 11 पर

### लगातार बढ़ रही सामग्री की कीमत, महंगाई ने बढ़ाई दिक्कत

#### आलू भी खाने लगा भाव

आमतौर पर आलू की कीमत चिल्हर में 15 से 25 रुपए के बीच रहती है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से आलू भी भाव खाने लगा है। इसकी कीमत थोक में 22 से 25 और चिल्हर में 35 से 40 रुपए हो गई है। इसकी कीमत का चिल्हर में कोई माई-बाप नहीं है। जिसकी जितनी मर्जी उतने में बेच रहा है। कीमत बढ़ने का कोई कारण भी नहीं है। थोक कारोबारियों के मुताबिक फसल भी ठीक है और आवक भी पूरी हो रही है। चिल्हर में क्यों इतनी कीमत कर दी गई है, थोक कारोबारी भी नहीं समझ पा रहे हैं।







#### अरहर दाल का दोहरा शतक

अरहर दाल की कीमत फिर आसमान पर चली गई है। अरहर दाल थोक में अच्छी क्वालिटी की 165 से 170 रुपए और कुछ कम क्वालिटी की 155 रुपए है। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो चिल्हर में अच्छी क्वालिटी वाली दाल कहीं 190 तो कहीं 200 में मिल रही है। वहीं थोड़ी कम क्वालिटी वाली दाल चिल्हर में 170 रुपए तक बिक रही है। अन्य दालों की बात करें तो मूंग दाल चिल्हर में 130 और उड़द दाल धुली 130 से 140 रुपए किलो है। चना दाल थोक में 75 और चिल्हर में 90 रुपए किलो है।

#### लगातार बढ़ रही चावल की कीमत

चावल की कीमत में लगातार इजाफा हो रहा है। छत्तीसगढ़ भी धान की ज्यादा पैदावार करने के लिए जाना जाता है। यहां पर लगातार धान की कीमत में इजाफा हो रहा है। अब तो किसानों से 31 सौ रुपए में धान लिया जा रहा है। धान की कीमत में लगातार इजाफा होने के कारण भी चावल की कीमत बढ़ रही है। अब तो खुले बाजार में मोटा चावल थोक में 40 रुपए और चिल्हर में 45 रुपए किलो हो गया है। जहां तक पतले चावल का सवाल है को अब कोई भी पतला ⏭ शेष पेज 11 पर

## नमी की मात्रा में वृद्धि 48 घंटे नहीं बढ़ेगा पारा



- कुछ जिलों में छाए रह सकते हैं बादल, लेकिन बारिश नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आने वाले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में विशेष वृद्धि नहीं होगी। मौसम विभाग के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ 45 पूर्व और 26 उत्तर में मध्य क्षोभमंडल में स्थित है। जिसके कारण नमी की मात्रा में ⏭ शेष पेज 11 पर

#### उबला रायगढ़

गुरुवार को सर्वाधिक तापमान रायगढ़ में दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री रहा। सबसे ठंडा बलरामपुर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रायपुर में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 26.2 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री दर्ज किया गया। बुधवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री रहा। 24 घंटों में तापमान में लगभग एक डिग्री की गिरावट आई, लेकिन लोगों को विशेष राहत गर्मी से नहीं मिली है।

## शराब घोटाले में तीन को फिर 14 दिनों के लिए जेल

- अनवर ढेबर ने कोर्ट में जमानत याचिका दायर की
- त्रिलोक सिंह ढिल्लन पुनः छह दिनों के लिए ईओडब्लू की रिमांड पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में कथित तौर पर दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद अनवर ढेबर, अरविंद सिंह तथा आबकारी विभाग के पूर्व एमडी अरुण पति त्रिपाठी की 14 दिनों की न्यायिक रिमांड अवधि पूरी होने के बाद गुरुवार को ईओडब्लू, ⏭ शेष पेज 11 पर

#### चार को होगी जमानत आवेदन पर सुनवाई

आबकारी घोटाले के आरोपी तथा घोटाला का किंग पिन अनवर ढेबर ने स्पेशल कोर्ट में जमानत आवेदन पेश किया है। अनवर ढेबर के जमानत आवेदन पर कोर्ट चार मई को दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद फैसला सुनाएगी। बचाव पक्ष के वकील एसके फरहान ने कोर्ट में अनवर ढेबर की मेडिकल के साथ सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया है। इसके साथ ही शराब घोटाला में अनवर के खिलाफ किसी तरह से साक्ष्य नहीं मिलने का हवाला देते हुए जमानत आवेदन पेश किया है।

## छह मंजिला बिल्डिंग के तीसरे माले पर फ्लैट में आग से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- छह माह से बंद फ्लैट में शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

कबीर नगर थाना क्षेत्र के अविनाश आशियाना अपार्टमेंट के तीसरे फ्लोर के एक फ्लैट में गुरुवार सुबह 11 बजे आग लगने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस तथा फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने सुरक्षा की दृष्टि से अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को बाहर निकाला और आग को काबू किया। पुलिस के मुताबिक अपार्टमेंट



के फ्लैट नंबर 302 जहां रशीद मंसूरी का परिवार रहता है, वहां से लोगों ने धुंआ उठते देखा। इस पर लोगों ने पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड को कॉल कर आग लगने की जानकारी दी। जानकारी मिलने के तत्काल बाद पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद फायर ब्रिगेड के कर्मी फ्लैट का दरवाजा तोड़ कर अंदर दाखिल हुए और आग को काबू किया। आग की चपेट में आने से अंदर रखे सामान जलकर राख में तब्दील हो गए। अपार्टमेंट के गार्ड ने पुलिस को ⏭ शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## ट्रिपल आईटी के निदेशक का इस्तीफा मंजूर, कार्यमुक्त हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) नवा रायपुर के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिन्हा का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया। उनके द्वारा कार्यमुक्त होने संबंधी आवेदन पर कुलाधिपति ने सहमति दे दी है। इस संबंध में राजभवन रायपुर द्वारा अधिसूचना का प्रकाशन भी राजपत्र में कराया गया है।

अधिसूचना में ये भी कहा गया है कि डॉ. सिन्हा द्वारा 30 अप्रैल 2024 से निदेशक का पदत्याग किए जाने के बाद ⏭ शेष पेज 11 पर



## खबर संक्षेप




### स्रोत समन्वयक राकेश का शिक्षक संघ ने किया स्वागत

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई अभनपुर टीम द्वारा नवनियुक्त विकासखंड स्रोत समन्वयक राकेश साहू का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों की वर्तमान समस्याओं से बीआरसीसी श्री साहू को अवगत कराया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सिन्हा, प्रांतीय प्रवक्ता विजय रॉय,प्रांतीय मीडिया प्रभारी अमित दुबे,सम्भाग उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह,कार्यकारी जिला अध्यक्ष प्रदीप साहू, जिला सचिव डायमंड सिन्हा, भूपेन्द्र सिन्हा, योगेश निर्मलकर, पवन साहू, गिरीश ध्रुव,रंजित भारती, टोमेन्द्र साहू, श्रवण देवांगन, दीपेंद्र सिन्हा,योगेश साहू,भुखु राम ध्रुवे, तानसिंह ध्रुव,गिरधर साहू,भरत नेताम ,के सी साहू,युगल किशोर साहू उपस्थित रहे।

### मतदाता जागरूकता के लिए निकाली मशाल रैली



**आरंग।** ग्राम पंचायत देवरी में आगामी लोकसभा चुनाव 7 मई को शत–प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत मतदाता संगोष्ठी के साथ साथ विशाल मशाल रैली निकाली गईं। रैली में मतदाता जागरूकता गीत और नारों से ग्राम की गलियां गूंजती रही। इस अवसर पर सीईओ कुमार सिंह लहरे ने ग्रामवासियों की इस मुहिम को लोकतंत्र की ज्वाला के रूप में परिभाषित करते हुए कहा कि मतदाता ही देश के भाग्य विधाता है और आगामी चुनाव का पर्व हमारे लिए देश का गर्व है। हम सभी एक दूसरे को प्रेरित करते हुए शत–प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प लें। वही एलईडी स्वीप रथ के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह की अपील, नुक्कड़ नाटक व जागरूकता गीत सबके लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। उक्त आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों सहित स्वीप टीम आरंग की सहभागिता रही।

### 10 पंचायतों के स्कूलों को वाला पेंटिंग कर संवारा

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा विकासखंड में अदाणी फाउंडेशन द्वारा सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत 10 ग्राम पंचायतों के स्कूलों में बाला पेंटिंग कराया जा रहा है। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर के सामाजिक सरोकारों के तहत पास के ग्राम रायखेड़ा, गैतरा, चिचोली, गौरखेड़ा, भाटापारा, मुरा, ताराशिव, कोनारी, खम्हरिया और भाटपारा गांव में स्थित 10 शासकीय विद्यालयों में बाला पेंटिंग कार्य से कक्षाओं का कायाकल्प हो रहा है। इस कार्य से करीब 1000 बच्चों को इसका फायदा मिल रहा है। इसका उद्देश्य अंचल में बेहतर शिक्षा प्राप्त कर स्थानीय बच्चे अपना आर्थिक और सामाजिक विकास कर देश को आगे बढ़ाने में भी योगदान दे सकें
वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी अदाणी फाउंडेशन द्वारा आसपास के 14 ग्रामों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन के कई कार्य किये जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में स्थानीय स्तर पर बच्चों के गुणवत्ता युक्त शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा को बढ़ावा देने विभिन्न कार्य किये गए हैं।

### बृजमोहन का आरंग व मंदिर हसौद में रोड शो

**आरंग।** भाजपा लोकसभा रायपुर के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल आरंग नगर में शाम 6 बजे एवं मंदिर हसौद में शाम 7:30 बजे में रोड शो करेंगे। उक्त जानकारी भाजपा मंडल आरंग अध्यक्ष देवनाथ साहु के द्वारा दी गई।

# चावल व हल्दी देकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मतदान करने का दिया संदेश

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए रंगोली सजाई और हाथों पर मेहंदी रचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा / कूंरा

लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग करें इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा रंगोली बनाकर और हाथों में मेंहदी लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है.और चावल और हल्दी देकर मतदान के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है.लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रायपुर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं को वोट देने के लिए बुलावा भेजा है।

यह बुलावा जिले की आगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा भेजा जा रहा है। आगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता घर घर जाकर हल्दी चावल के साथ मतदान के लिए लोगों को आमंत्रण दे रही है.गांवों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. इसके लिए कार्यकर्ताओं के द्वारा सघन जन अभियान चला कर वोटर्स को वोट डालने के लिए बुलावा दिया जा रहा है. और वोट करने के फायदे भी बताए जा रहे है।

इसके लिए जिस तरह से मांगलिक अवसरों पर आमंत्रण देने के लिए हल्दी चावल का उपयोग जाता है, उसी प्रकार 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाग लेने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा हल्दी चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है।



**मतदान अवश्य करें**

*आगनबाड़ी कारकर्ताओं ने बताया कि मतदान हम सबका मौलिक अधिकार है. हमें अपने सारे कामों को छोड़कर अपने पोलिंग बूथ में जाकर मतदान करना होगा. मतदान एक बहुत बड़ा महादान है,एक वोट की कीमत बहुत ही अमूल्य होती है. क्योंकि एक वोट से ही हार जीत का फैसला होता है. इसलिए हमें लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए।*

**कार्रवाई : लाल व हरे रंग का बैग ट्रेन में छूटा और यात्री ट्रेन पर नहीं चढ़ सका**

# गोंड़वाना में छूटे 3.50 लाख के जेवर व समान आरपीएफ ने यात्री को लौटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

■ एक यात्री ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने दिया शराफत का परिचय

2 मई को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भाटापारा से महिला आरक्षक सविता द्वारा सुबह सूचना दी गई एक यात्री कमलेश अतुलकर जो की गाड़ी संख्या 12409 गोंडवाना एक्सप्रेस के कोच नंबर बी 10 के 25 नंबर बर्थ पर एक लाल रंग का ट्रॉली बैग एवं हरे रंग का हैंडबैग भाटापारा स्टेशन में चढ़ने के दौरान गाड़ी में छूट गया है, और यात्री ट्रेन में नहीं चढ़ सके।

इस सूचना के आधार पर आरपीएफ उप निरीक्षक डी के शास्त्री ने तिल्दा रेलवे स्टेशन पर कार्यरत प्रधान आरक्षक एफ आर सोनी को तत्काल उक्त सामान को प्राप्त करने के निर्देश दिए, जहां पर उक्त प्रधान आरक्षक ने तिल्दा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर गोंडवाना एक्सप्रेस के आगमन के समय सुबह 6:50 पर उक्त ट्रेन को अटेंड किया एवं सही सलामत एक कत्थे रंग का ट्रॉली बैग एवं नीले रंग का हैंडबैग को उतारा एवं इसकी सूचना यात्री को भी दी गई, जहां पर आज सुबह 8:30 बजे यात्री कमलेश अतुलकर पिता शिवराम अतुलकर उम्र 42 वर्ष ग्राम बडोरा थाना बैतूल बाजार, जिला बैतूल निवासी। उपस्थित हुए एवं अपना रेल यात्रा टिकट दिखाकर उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार के साथ भाटापारा से बैतूल की यात्रा गोंडवाना एक्सप्रेस में करनी थी परंतु भाटापारा में चढ़ने के दौरान वह अपना सामान ट्रेन पर चढ़ा दिए परंतु वे अपने परिवार को नहीं चढ़ा सके जिसके कारण सामान गाड़ी में चला गया जिसकी सूचना ऑन ड्यूटी आरपीएफ को दिया गया।



उक्त ट्रॉली बैग में दो नग सोने का कंगन, दो नग सोने का मंगलसूत्र,एक नग सोने का काहार, एक जोड़ी चांदी का पायल, दो जोड़ी चांदी की बिछिया एवं तीन जोड़ी चांदी का चूड़ा एवं 1600 रुपए नगद था। जिसकी कुल कीमत लगभग 3:50 लाख रुपए बताई गई है। साथ ही यात्री ने इसके लिए आरपीएफ पुलिस की सराहना कर आभार व्यक्त किया।

# विधिक प्राधिकरण ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा खरोरा क्षेत्र के आसपास के गांवों मांठ असौंदा मुरा मोंहरेंगा रायखेडा ताराशिव खौली डबरी बुडेरा में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के साथ ही साथ मतदाता जागरूकता पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

मतदान करना नागरिकों का अधिकार है वहीं दूसरी ओर हमारा दायित्व है कि इस महाभियान में अपना योगदान दें। साथ ही नालसा के विभिन्न योजनाओं निःशुल्क विधिक सलाह सहायता योजना, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, महिलाओं काभरण पोषण अधिकार, बाल विवाह निवारण अधिनियम, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, 2011 नालसा असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए विधिक सेवाएं 2015 आदि के संबंध में लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के पैरालीगल वालिंटियर तुलेश्वर साहू थाना तिल्दा नेवरा, शंकर लाल साहू थाना अभनपुर द्वारा जानकारी दिया जा रहा है। न्याय सबके लिए।

# मुफ्त नेत्र जांच शिविर में 13 मोतियाबिंद के मरीज मिले



**धरसीवां / कूंरा।** नगर पंचायत कुंरा मे निः शुल्क नेत्र शिविर आयोजित नगर इकाई साहू समाज के द्वारा किया गया । जिसमे नगर के लगभग 63 बुजुर्ग लोगो ने अपना आंख चेक करवाया जिसमे 13 मरीजों को मोतियाबिंद का आपरेशन के लिऐ एमजीएम हास्पिटल में किया जाएगा। कार्यक्रम में साहू समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष केजू राम साहू , परिक्षेत्र अध्यक्ष होरी लाल साहू , साहू समाज नगर इकाई अध्यक्ष देवानंद साहू , उपाध्यक्ष व पार्षद संतोष साहू , सचिव व पार्षद सुरेश कुमार साहू , कोषाध्यक्ष धनसाय साहू , नगर पंचायत अध्यक्ष ढलेंद्र वर्मा , उपाध्यक्ष अनिल बघेल , पार्षद व पूर्व उपाध्यक्ष साहू समाज पार्षद योगेश साहू , पलटन साहू , मुख्य नगर पालिका अधिकारी ललित साहू का विशेष सहयोग प्रदान रहा। डा. कुलदीप , डा. सैफ अली , डा. मिफ्ता उल इस्लाम ,डाक्टर सुष्मिता शाह जी उपस्थित थे ।

### भाजपा कार्यालय में मनाया बृजमोहन का जन्मदिन

**आरंग।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर लोकसभा अंतर्गत आरंग विधानसभा चुनाव कार्यालय आरंग में कैबिनेट मंत्री व रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिवस मजदूर दिवस के दिन 1 मई को कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। भाजपा आरंग मंडल महामंत्री अशोक चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रमिक दिवस के दिन श्रमिको के हितैषी और दिन रात उनके कल्याण की चिंता करने वाले जनप्रिय कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन को लेकर कार्यकर्ता बेहद उत्साहित थे। उनके जन्मदिवस पर कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी करते हुए केक काटकर व खीर–पूड़ी वितरण कर धूमधाम से जन्मदिवस मनाया। इसके साथ ही आरंग भाजपा आरंग मंडल के 3 जोन के अंतर्गत ग्राम लखौली, भाऊ अकोली व आरंग नगर में पूजन पाठ, चुनावी नुक्कड़ सभा आयोजित कर विशेष रूप से मजदूरों के बीच केक काटकर जन्मदिवस का उत्सव मनाया गया। इसके साथ ही आरंग मंडल के सभी ग्रामो में बूथ के कार्यकर्ताओं में अपने नेता का जन्मदिवस उत्सव के रूप में मनाया।

# एनएच ओवर ब्रिज निर्माण से यातायात जाम, बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

राष्ट्रीय राज्य मार्ग एन एच 6 जो मंदिर हसौद से होकर गुजरती है। जहां मंदिर हसौद में राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन घटना दुर्घटना को देखते हुए मंदिर हसौद चौक को डेंजर जोन घोषित किया । और राष्ट्रीय राज्य मार्ग मंदिर हसौद चौक पर ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। जहां अव्यवस्था के चलते मंदिर हसौद चौक पर शाम होते ही जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

वही चौक में सिग्नल लाइट महिनो से बंद पड़े है। जहां हजारों वाहनों का आवागमन लगा रहता है वही सिग्नल बंद होने के चलते बे रोक टोक वाहन फराटे भर रहे । जहां कभी भी घटना होने की स्थिति बनी रहती है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवर ब्रिज के निर्माण के चलते रोड किनारे स्थित व्यापारी परेशान राष्ट्रीय राजमार्ग मंदिर हसौद चौक पर जहां ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है।वही निर्माण के चलते रोड किनारे स्थित व्यापारी जहां दुकान के सामने ग्राहकों के लिए गाड़ी खड़ा करने की व्यवस्था न होने के चलते दुकानों में अब ग्राहक ही नहीं पहुंच पा रहे हैं ,जिससे स्थानीय व्यापारियों के लिए व्यापार करना मुश्किल हो रहा है । वहीं व्यापारियों ने बताया अब पूरे दिन में दुकान का किराया और मजदूरों का रोजी निकलना मुश्किल हो रहा है।



# मोदी को फिर बनाएं पीएम व बृजमोहन को जिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा खोरपा मंडल के शक्ति केन्द्र ग्राम बेलर मे जगदलपुर पूर्व विधायक संतोष बाफना के नेतृत्व मे बैठक संपन्न हुआ । इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष बाफना ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए रायपुर लोकसभा से बृजमोहन अग्रवाल को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाकर देश में रिकॉर्ड कायम करना है। बृजमोहन अग्रवाल जैसे जननायक जन सेवा और राजनीति के अजय योद्धा रायपुर लोकसभा का प्रत्याशी है जो क्षेत्र के जनता के लिए गौरव का विषय है। मोदी जी की गारंटी में छत्तीसगढ़ के साय सरकार ने अनेक वादों को पूर्ण किया है जिसका जन समर्थन चुनावी समर में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मिलेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे पूर्व जिला अध्यक्ष धमतरी शशि पवार, रायपुर जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष धमतरी कविंद्र जैन, मंत्री धमतरी डॉक्टर बिथीका विश्वास मंडल महामंत्री नेहरू लाल साहू ,गोविंद राम साहू,अनिल साहू ,डॉक्टर लीलाराम साहू,लोकनाथ साहू , मानसिंह साहू ,टेटकू राम विश्वकर्मा, नरोत्तम साहू ,प्रहलाद साहू,घनाराम निर्मलकर ,युगल साहू ,चेतन साहू ,देवेंद्र साहू, गोपाल पटेल, लालजी साहू, मोहन निर्मलकर, ओमप्रकाश निर्मलकर, माखन शर्मा, विशाल राम साहू, राधे रीगरी, जितेंद्र निर्मलकर भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

### बृजमोहन के जन्मदिन पर हनुमानजी की पूजा की



**आरंग।** मंत्री व लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन बस स्टैण्ड आरंग में हनुमान चालीसा पाठ व हवन–पूजन कर उनके कट्टर समर्थक भाजपा नेता व बाजार समिति अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन के नेतृत्व मे मनाया गया। जिसमे बृजमोहन जी की दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना कर प्रभु की आरती कर मंगलपाठ किया गया। सुबह से ही समर्थक बस स्टैंड स्थित हनुमान जी मंदिर परिसर मे इकट्ठा होने लगे व प्रसादी वितरण किया गया। पश्चात रामायण व भजन का आयोजन किया। इस अवसर पर सूरज शर्मा, राजेंद्र चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, अशोक चंद्राकर, देवा साहू, विक्रम परमार, नरेंद्र लोधी, लल्ला साहनी, दिलीप जलक्षत्री, गैंदलाल साहू, शंकर जलक्षत्री, बेदराम खुटे, मनोज तंबोली, चैतराम पाल, गुलाब बिंद, सूरज लोधी, ध्रुरव मिर्धा, कामता सिन्हा, आशा साहू सहित महिला समूह व कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

### लखौली में बृजमोहन का जन्मदिन मनाया

**आरंग।** शक्ति केन्द्र लखौली मे मंत्री एवं रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का जन्म दिवस केक काटकर एवं ग्रामीणों को मिठाई बांटकर मनाया गया। इस अवसर पर गुण्डरदेही के पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, पूर्व विधायक संजय ढीढी, राजेन्द्र चंद्राकर, आरंग विधानसभा प्रभारी चंद्रहास चंद्राकर, महामंत्री चमन साहू, अ.जा. मोर्चा बेदराम खुटे, जिला मंत्री विक्रम परमार, शक्ति केन्द्र संयोजक दिनेश चंद्राकर, सहसंयोजक शेखर साहू, बुथ अध्यक्ष अरुण साहू त्रिभुवन यादव, सुकदेव साहू, तोरण साहू, आत्मानंद, हीरालाल, प्रकाश सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**बच्चों को मेडल तथा पालकों को गमछा देकर सम्मानित किया**

# ज्ञानदीप के नतीजे घोषित, 8वीं के छात्रों को दी शानदार विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सरस्वती ज्ञानदीप विद्यालय में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। इसके साथ ही कक्षा आठवीं के बच्चों का विदाई समारोह का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सभी पालक तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। कक्षा आठवीं से पीपी1 तक के बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार कक्षा में स्थान दिया गया। जिसमें कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान गोपी धीवर 96.33 प्रतिशत, द्वितीय मीनाक्षी लोधी 94.32 प्रतिशत, तृतीय जूली जलक्षत्री 91.61 प्रतिशत, कक्षा सातवीं में प्रथम सरस्वती लोधी 93.72 प्रतिशत, द्वितीय मिथिलेश्वरी लोधी 92.89 प्रतिशत, तृतीय गुंजा यादव 87.89 प्रतिशत, कक्षा छठवीं में प्रथम श्रेया चंद्राकर 97.61 प्रतिशत, द्वितीय मुस्कान चंद्राकर 94.72 प्रतिशत, तृतीय ईशा पाल 84.22 प्रतिशत, कक्षा पांचवी में प्रथम खिलेश्वरी यादव 96.33 प्रतिशत, द्वितीय कंचन साहू 95 प्रतिशत, तृतीय धरम यादव 93.16 प्रतिशत, कक्षा चौथी में प्रथम दीपिका मानिकपुरी 96 प्रतिशत, द्वितीय झरना लोधी 94.33 प्रतिशत, तृतीय धनंजय केवट 92 प्रतिशत, कक्षा तीसरी में प्रथम राहुल विश्वकर्मा 98.5 प्रतिशत, द्वितीय भोपेश पटेल 96.33 प्रतिशत, तृतीय बद्री लोधी 93.5 प्रतिशत, कक्षा दूसरी में प्रथम अविशी उमरे 96.8 प्रतिशत, द्वितीय शिवानी प्रजापति 95.3 प्रतिशत, तृतीय नेमा लोधी 94.4 प्रतिशत, कक्षा पहली में प्रथम दीपिका पाल 99.11 प्रतिशत, द्वितीय महावीर जलक्षत्री 96.88 प्रतिशत, तृतीय दिवेश लोधी 92.44 प्रतिशत, कक्षा पीपी2 में प्रथम साक्षी जलक्षत्री 99.99 प्रतिशत, मोक्ष सोनकर 99.99 प्रतिशत, द्वितीय जलेन्द्र प्रजापती 99.77 प्रतिशत, निखिल जलक्षत्री 99.77 प्रतिशत, तृतीय शांति जलक्षत्री 98.88 प्रतिशत, कक्षा पीपी1 में प्रथम नायरा लोधी 99.99 प्रतिशत, चंद्रवंश जलक्षत्री 99.99 प्रतिशत, द्वितीय मोक्षिका लोधी 99.78 प्रतिशत, दिव्या पटेल 99.78 प्रतिशत, तृतीय वंशिका यादव 98.88 प्रतिशत रही। इन सभी बच्चों को विद्यालय के अध्यक्ष संतोष साहू, उपाध्यक्ष प्रदीप लोधी, शाला संचालक अनूपनाथ योगी, शाला प्राचार्या देवकुमारी यादव द्वारा बच्चों को मेडल तथा पालकों को गमछा देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक परीक्षा फल घोषित करने के पश्चात कक्षा आठवीं के बच्चों का विदाई समारोह का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के खेल तथा डांस अंताक्षरी रखा गया। साथ ही इन सभी बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार टाइटल देकर नवाजा गया।




# राधिका से अभद्रता, कांग्रेस में महिलाएं असुरक्षित : अनुज

**धरसींवा।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के साथ हुए बदसलूकी के बाद से भाजपा नेता लगातार कांग्रेस पर महिला विरोधी होने का आरोप लगा रही है।



इसके साथ ही भाजपा नेताओं ने राधिका खेड़ा के प्रति अपना समर्थन भी जताया है। इसी कड़ी में अब विधायक अनुज शर्मा ने भी बयान दिया है और कहा है कि छग माता कौशल्या की पावन भूमि है और यंहा भाजपा की सरकार है जंहा नारी सम्मान होती है राधिका खेड़ा सहित अन्य महिलाएं सिर्फ कांग्रेस में असुरक्षित है। विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि माता कौशल्या की पावन धरती में कोई भी महिला असुरक्षित नही है,

कोई भी महिला अगर अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है, तो उसे सुरक्षित होना चाहिए। यह छत्तीसगढ़ की बात है। छत्तीसगढ़ में हर महिला सुरक्षित है। चाहे वह कांग्रेस की हो या कोई भी पार्टी की हो। अगर वह अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं, तो हम सब उनको इस बात का एहसास दिलाते हैं, कि वह सुरक्षित है।

बस चिंता इस बात की है कि, जो उनकी (राधिका खेड़ा की) अपनी पार्टी के लोग हैं, उनसे, उनको जो डर है... उनसे डरने की जरूरत नहीं है। यहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।

# ग्रामीण में साढ़े तीन लाख से ज्यादा वोटरों के लिए 305 मतदान केंद्र, उत्तर में सबसे कम 201


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा सीट के लिए रायपुर जिले में सात विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। विधानसभा चुनाव की तुलना में लोकसभा में वोटरों की संख्या बढ़ी है। रायपुर ग्रामीण में वोटरों की संख्या 3 लाख 62 हजार 22 पहुंच गई है, जिसके कारण इस विधानसभा क्षेत्र में 305 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जो जिले के अन्य सभी विधानसभा क्षेत्रों से सबसे ज्यादा है।

सबसे कम वोटर रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में हैं। वोटर सूची के अनुसार यहां 2 लाख 1 हजार 296 वोटर हैं, इसलिए इस क्षेत्र में मतदान केंद्र भी 201 बनाए गए हैं, जो जिले के दूसरे विधानसभा क्षेत्र से सबसे कम हैं।

## 19 लाख से ज्यादा वोटर 1869 मतदान केंद्रों में करेंगे वोट

जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 7 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र में वोटरों की संख्या के अनुसार मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं। जिलेभर में वोटरों की संख्या 19 लाख 22 हजार 786 है। इन वोटरों की तुलना में जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र में कुल 1869 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा 38 सहायक मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं। इस तरह जिलेभर में कुल 1907 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार प्रत्येक बूथ में अधिकतम 15 सौ वोटर ही वोट कर सकते हैं। एक वोटर भी ज्यादा होता है, तो इसके लिए नया बूथ बनाया जाना है। इसी नियम के तहत जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं।




### विधानसभावार मतदान-सहायक मतदान केंद्रों की संख्या

| विधानसभा | मतदान केंद्र | सहायक मतदान केंद्र | कुल |
|---|---|---|---|
| रायपुर ग्रामीण | 305 | 9 | 314 |
| धरसींवा | 249 | 4 | 253 |
| रायपुर पश्चिम | 264 | 9 | 273 |
| रायपुर दक्षिण | 253 | 10 | 263 |
| रायपुर उत्तर | 201 | 2 | 203 |
| आरंग | 247 | 3 | 250 |
| अभनपुर | 240 | 1 | 241 |

### सबसे ज्यादा सहायक मतदान केंद्र दक्षिण में

जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में इस बार सहायक मतदान केंद्र भी बनाए जा रहे हैं। सातों विधानसभा क्षेत्र में कुल 38 सहायक मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इनमें सबसे ज्यादा 10 मतदान सहायक केंद्र रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में बनाए जाएंगे। इस विधानसभा में पहले 253 मतदान केंद्र है। सहायक केंद्र मिलाकर क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 263 हो गई है। इसके अलावा रायपुर ग्रामीण और रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 9-9 सहायक केंद्र, धरसींवा में 4, आरंग में 3, रायपुर उत्तर में 2 तथा सबसे कम अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में एक सहायक केंद्र बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विश्वसनीयता खो चुके हैं मोदी : बैज

**रायपुर।** भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मोदी सरकार के खिलाफ पूरे देश में वातावरण है। अपनी वादाखिलाफी के कारण नरेंद्र मोदी विश्वसनीयता खो चुके हैं। पिछले दस साल के मोदी सरकार के कार्यकाल में लगातार झूठ बोले गए। देश के सामने भाजपा और पीएम मोदी ने कई बड़ी गारंटियां दीं, लेकिन उन्हें आज तक पूरा नहीं किया गया। 10 साल के कार्यकाल में मोदी की हर गारंटी फेल हो गई। केंद्र की मोदी सरकार ने झूठ बोलने और भ्रष्टाचार के सिवा कोई काम नहीं किया। महंगाई, बेरोजगारी से परेशान जनता अब बदलाव के लिए मतदान करेगी।



### दो दिन बंद रहेंगी शराब दुकानें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 7 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान होना है। इसको देखते हुए राज्य सरकार ने दो दिन शराब दुकानों को बंद रखने का फैसला लिया है। राज्य शासन ने 5 से 7 मई तक ड्राई डे घोषित किया है। आदेश में कहा गया है कि मतदान से 48 घंटे पहले यानी 5 मई को शाम 5 बजे से 7 मई तक शराब दुकानें बंद रहेंगी। यह आदेश रायपुर सहित दुर्ग, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, सरगुजा लोकसभा क्षेत्रों के लिए लागू रहेगा। 7 लोकसभा सीटों में क्षेत्र के 3 किलोमीटर दायरे में आने वाली देशी-विदेशी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। शराब के परिवहन पर भी बैन लगाया गया है। शराब का परिवहन करने पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

### शिवरतन बोले -जनता कांग्रेस के झांसे में आने वाली नहीं

**रायपुर ।** कोरबा की एक आमसभा में प्रियंका गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा, अपनी दादी का झूठा गुणगान करके कोरबा की जनता को झांसा नहीं दे पाएंगी। अब प्रदेश की जनता कांग्रेस के झांसे में आने वाली नहीं है। कोरबा की सांसद और उनके पति चरणदास महंत ने कांग्रेस की सरकार में एक भी विकास कार्य नहीं किए हैं, जिसे आप गिना पाएं। इसीलिए आप अपनी दादी के नाम पर वोट मांग रही हैं। शायद आपको भी मालूम हो गया है कि जनता द्वारा नकारे जा चुके भूपेश के नाम पर कांग्रेस को एक वोट भी नसीब नहीं होगा। इसीलिए अपनी दादी का नाम ले रही हैं। श्री शर्मा ने कहा, पहले भाजपा के संकल्प पत्र को आप भले ही न पढ़ीं हों, लेकिन जनता को मालूम है कि मोदी की गारंटी है ही भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएंगे। संविधान और लोकतंत्र विरोधी बातें तो कांग्रेस के अन्याय पत्र में हैं। जनता जानती है कि अगर कांग्रेस की केंद्र में सरकार आई तो वह स्त्री धन, विरासत पर संपत्ति कर तो वसूलेगी। इसके साथ ही जनता को लूटकर देश का मान मर्दन करने का काम करेगी।



## विकसित भारत बनाने छत्तीसगढ़ राज्य का होगा भरपूर योगदान : अरुण साव

# इंफ्रा, कृषि, परिवहन, सैन्य शक्ति सब में विकास कर भारत बनेगा विकसित : तावड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के महाराजा अग्रसेन कॉलेज ऑडिटोरियम में बुद्धिजीवी सम्मेलन विजन ऑफ विकसित भारत, 2047 का भारत आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा, इंफ्रा,कृषि,परिवहन,सैन्य शक्ति सब में विकास कर भारत विकसित बनेगा। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, विकसित भारत बनाने में छत्तीसगढ़ का भरपूर योगदान होगा। कार्यक्रम में प्रदेश भर से व्यापारी, सीए, डॉक्टर, वकील, अर्थशास्त्री, कलाकार, प्रोफेसर, शिक्षक, पूर्व अधिकारी, सेना के जवान, सामाजिक संस्थानों के प्रमुख लोग भारी संख्या में मौजूद रहे। हाल तो पूरा भरा ही था, बाहर भी बहुत लोग कार्यक्रम को सुनते रहे।

विनोद तावड़े ने सम्मेलन में यूपीए सरकार एवं मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यों की तुलना करते हुए कहा, पिछले 10 वर्षों में देश में विकास नए आयाम गढ़े हैं। यूपीए सरकार में 10 वर्षों में कुल कर संग्रह लगभग 68 लाख करोड़, मोदी सरकार के 10 वर्षों में लगभग 215 लाख करोड़। यानी मोदी सरकार में 215 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यूपीए सरकार के 10 वर्षों में औसत मंहगाई दर 8 प्रतिशत, मोदी सरकार के कोविड की चुनौती के बावजूद 5 प्रतिशत रही। श्री तावड़े ने कहा, यूपीए सरकार में किसानों को धान खरीदी पर कुल भुगतान 4.4 लाख करोड़, मोदी सरकार में 12.18 लाख करोड़ रुपए भुगतान किया।







### बताई मोदी सरकार की आने वाली योजना

श्री तावड़े ने मोदी सरकार 3.0 में आगामी कार्ययोजना के बारे में बताते हुए कहा, विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण किया जाएगा जिसके अंतर्गत 1,300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय मानकों पर पुनर्विकास करेंगे। आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार करेंगे। विश्व स्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। ट्रेनों के नेटवर्क का और विस्तार किया जाएगा एवं मेट्रो नेटवर्क का विस्तार करेंगे। पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित कर रहे हैं। हम इस बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार के लिए उत्तर, दक्षिण और पूर्व में नए कॉरिडोर के लिए फिजिबिलिटी स्टडी करेंगे। भारत की समृद्ध विरासत के अनुभव के लिए हमने भारत गौरव रेल सेवा आरंभ की है। हम इसका विस्तार देश के सभी प्रमुख आस्था एवं सांस्कृतिक केंद्रों तक करेंगे। श्री तावड़े ने कहा, हमारा विरासत भी और विकास भी का दृष्टिकोण एक ऐसे भविष्य को आकार देगा, जिसमें हमारी परंपराएं दुनिया भर के लोगों को प्रेरित और एकजुट करेंगी।

### विकास और तरक्की के लिए स्थाई सरकार जरूरी : अरुण साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, किसी भी देश और राज्य की तरक्की तब तक नहीं हो सकती जब तक उसे स्थाई सरकार न मिले।सौभाग्य और आप सब के सहयोग से देश में पिछले 10 वर्षो से पूर्ण बहुमत की स्थाई सरकार रही है। इस पूर्ण बहुमत की ताकत से ही सरकार जनहित में कड़े फैसले ले पाई है। मोदी जी के 10 वर्षो के कार्यकाल में जो परफॉर्मेस हुआ है वो एतिहासिक है। सरकार ने हर क्षेत्र में कार्य करके दिखाएं जिसे हमने आप सब ने एक बड़ा बदलाव महसूस किया है और वह बड़ा बदलाव कहीं ना कहीं आपके हमारे जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाला भी रहा है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी सीए अमित चिमनानी ने किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, विधायक राजेश मूणत प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक अमित चिमनानी, विमल चोपड़ा, जेपी चंद्रवंशी, अमित मेशरी,बृजेश पांडे, जयंती पटेल, सुशांत शुक्ला, गोविंदा गुप्ता उपस्थित थे।

## ओंकार अध्यक्ष और अफसर महासचिव नई कार्यकारिणी भी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ एडवरटाइजिंग एजेंसी एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार सिंह और महासचिव अफसर खान को नियुक्त किया गया। एजेंसी के चुनाव अधिकारी दीपक जैन, संरक्षक शिवाजी मंथानी और अजय जैन ने चुनाव कराने का निर्णय लिया, जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए सभी सदस्यों ने एकमत से अनुभवी ओंकर सिंह को सर्वसहमति से अध्यक्ष एवं महासचिव अफसर खान को नियुक्त किया। एटवरटाइजिंग एजेंसीज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओंकार सिंह ने नई कार्यकारिणी गठित की। इस नई कार्यकारिणी में संरक्षक अजय जैन, दीपक जैन, शिवाजी मंथानी, उपाध्यक्ष रितेश अग्रवाल, सांस्कृतिक सचिव मनीष राज्यवर्धन, ऋषभ जैन कोषाध्यक्ष, हसन नकवी, विजय घोष, जनसंपर्क अधिकारी विरेंद्र शुक्ला के अलावा अन्य सदस्य इंदिरा जैन, अतुल जैन, राजीव पाठक, राजेश, दुग्गड़, गिरीश अवधिया, अरिहंत दुग्गड़ शामिल हैं। होर्डिंग के लिए भी पांच सदस्यों की कमेटी गठित की गई, जिसमें मनमोहन पारख, शिवाजी, अजय जैन, पंकज गुप्ता, प्रबोध जैन शामिल हैं।

## नड्डा की कल सूरजपुर में सभा वैष्णव 5 को आएंगे रायपुर

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सरगुजा लोकसभा के सूरजपुर में चार मई को आमसभा होगी। इसकी तैयारी में प्रदेश भाजपा संगठन जुटा हुआ है। रायपुर लोकसभा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो का प्रयास तो सफल नहीं हो सका है, लेकिन केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव जरूर पांच मई को चुनाव प्रचार थमने से पहले रायपुर आ रहे हैं। उनके कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है कि उनसे क्या करवाना है। इसके अलावा अब और किसी नेता की कोई सभा होने की संभावना कम ही है। छत्तीसगढ़ लोकसभा के चुनाव तीन चरण में हो रहे हैं। पहले और दूसरे चरण में चार सीटों पर मतदान हो चुका है। अब तीसरे और अंतिम चरण में सात मई को मतदान होगा। इसके पहले भाजपा ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकी है। हालांकि इस तीसरे चरण में ज्यादा राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं नहीं हो सकी हैं, क्योंकि दूसरे चरण के चुनाव के समय ही कुछ राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं तीसरे चरण के लिए भी करा ली गई। तीसरे चरण में सिर्फ अमित शाह की एक सभा कोरबा में हुई है। अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की एक सभा सरगुजा लोकसभा में सूरजपुर में कराने की तैयारी चल रही है। रायपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के लिए पीएमओ को प्रस्ताव भेजा गया था। धमतरी की सभा में खुद लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री से रायपुर में रोड शो का आग्रह किया था, लेकिन पीएमओ से इसके लिए मंजूरी नहीं मिल सकी है।



## आरक्षण केंद्र में की-बोर्ड के साथ अब माउस का भी होगा इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के रेलवे आरक्षण केंद्र में लगभग 35 साल के बाद बुकिंग सिस्टम में बदलाव होने जा रहा है। वर्तमान में रेलवे कर्मचारी जिस कंप्यूटर सिस्टम से यात्रियों का टिकट बुक करते हैं, उसमें माउस का उपयोग नहीं किया जाता, केवल की-बोर्ड की मदद से टिकट बुक करते हैं। यह शुरुआत से चला आ रहा है। अब रेलवे बोर्ड इस सिस्टम में बदलाव करने जा रहा है, जिसमें रेलवे कर्मचारी टिकट बुकिंग के लिए की-बोर्ड के साथ माउस का भी उपयोग करते नजर आएंगे। रेलवे बोर्ड द्वारा अब नेक्स्ट जनरेशन पीआरएस सिस्टम तैयार कराया जा रहा है, जिसका ट्रायल शुरू कराया गया है। बुकिंग क्लर्कों की ट्रेनिंग भी दिल्ली में कराई जा रही है। इस नए पीआरएस सिस्टम को वेबसाइट की तर्ज पर तैयार कराया गया है, जिसमें टिकट आरक्षित करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी। सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम, क्रिस द्वारा तैयार किए गए नए सिस्टम में आरक्षण से लेकर टिकट रद्द करने, टिकट में बदलाव करने के अलग-अलग विकल्प मौजूद रहेंगे। इस नए सिस्टम को आगामी अगस्त से लागू करने की तैयारी की जा रही है।




हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### सीधे दिल्ली से रहेगा कनेक्शन

इस नए सिस्टम का कनेक्शन सीधे दिल्ली स्थित क्रिस के सर्वर से रहेगा। अभी जो कंप्यूटर लगे हुए हैं, उनका कनेक्शन रेलवे के सिग्नलिंग एंड टेलीकम्यूनिकेशन, एसएंडटी विभाग में लगे सर्वर से रहता है। कई बार जब इस सर्वर में खराबी आ जाती है, तो स्थानीय स्तर पर आरक्षण का काम ठप हो जाता है। यह नया सिस्टम सीधे दिल्ली से जुड़ा होगा। ऐसे में स्थानीय स्तर पर कोई तकनीकी खराबी के कारण काम बाधित नहीं होगा। दिल्ली में यदि सर्वर में कोई समस्या होती है, तभी आरक्षण का काम रुकेगा।

### नए सिस्टम से होगा काम

रेलवे द्वारा अब आरक्षण कार्य के लिए नेक्स्ट जनरेशन पीआरएस सिस्टम तैयार कर रहा है। सर्वर बढ़ाया जा रहा है। नए सर्वर से काम में तेजी आएगी और यात्रियों को भी इसका लाभ होगा।

\- विकास कश्यप
सीपीआरओ, दपूमरे


## खेड़ा ने भूपेश पर साधा निशाना, ट्विट पर लिखा राम के ननिहाल में दीदी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में राधिका खेड़ा के साथ हुए दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के दो दिन बाद राधिका खेड़ा ने सोशल मीडिया एक्स पर फिर एक पोस्ट कर इशारों-इशारों में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधा है। साथ ही लड़कियों के लिए लड़ने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का ध्यान इस विवाद की ओर आकर्षित करने की बात कही है।

उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा है कि दुशील को लेकर कका का मोह एक लड़की की इज्जत से बढ़कर है, लेकिन लड़की हूं... लड़ रही हूं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के ननिहाल में दीदी (प्रियंका गांधी) का स्वागत है।

### बलात्कारी के पक्ष में मोदी प्रचार करने गए, उस पर पहले बोलें भाजपाई : भूपेश



*मामले को लेकर मीडिया से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा, बलात्कारी के पक्ष में प्रधानमंत्री प्रचार करने गए थे, उसके बारे में भाजपाई पहले बोलें। कर्नाटक में बलात्कारी जो सांसद है, उसके बारे में भाजपाई पहले बोलें। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, राधिका खेड़ा मामले में पवन खेड़ा का बयान आ चुका है। हम इस पूरे मामले की जांच कराएंगे। जो दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी।*

### राष्ट्रीय नेता हर बार बघेल पर ही ठीकरा क्यों फोड़ रहे : भावना

भाजपा की विधायक भावना बोहरा ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के साथ हुए दुर्व्यवहार के मामले में राधिका खेड़ा के ताजा ट्विट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तंज कसा है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय नेता तक हर बार बघेल पर ही ठीकरा क्यों फोड़ रहे हैं? कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा क्या इस मामले में कारगर कार्रवाई करके साहसपूर्ण संदेश देंगी? भाजपा नेताओं ने एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस पार्टी को महिला विरोधी करार दिया है।

### कांग्रेस हाईकमान ने 24 घंटे में मांगा जवाब

राधिका खेड़ा से दुर्व्यवहार मामले में एआईसीसी के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर 24 घंटे में जवाब देने कहा है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को पवन खेड़ा ने राजधानी आने के बाद दोनों पक्ष से बात की थी। दिल्ली पहुंचकर गुरुवार को यह पत्र जारी किया है।

## रायपुर ग्रामीण में रोड शो महिलाओं ने विकास का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा में गुरुवार को विशाल रोड शो किया। विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी ब्लॉक में, गांव में रोड शो के माध्यम से कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने रायपुर ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले कबीर नगर वाल्मीकि आवास से रोड शो की शुरुआत की। सोनडोंगरी, गोगांव, गोंदवारा, भनपुरी, मोवा, दलदल सिवनी, सड्डू, अवंति विहार, लभांडी, पुरानी अमलीडीह, लालपुर, कृष्णानगर बोरियाखुर्द, डूंडा, देवपुरी, डूमरतराई में रोड शो किया। जगह-जगह रोड शो का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया, जगह-जगह महिलाओं ने रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय का आरती उतारकर अभिनंदन किया। रोड शो के दौरान ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले दो ब्लाक में कर्यकर्ताओं की बैठक भी ली। चौक-चौराहे पर सभा के माध्यम से लोगों को संबोधित भी किया। श्री उपाध्याय ने कहा कि देश में लगातार महंगाई, बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। आम जनता महंगाई से त्रस्त है, मोदी सरकार ने 100 दिन में महंगाई कम करने की बात कही थी, लेकिन वह इस मुद्दे पर विफल रही, घरेलू महिलाएं महंगाई के नाम से परेशान हैं, जिसको ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी ने महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी की घोषणा की है, जिसमें केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही महिलाओं को 8333 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।



## मूणत ने चलाया ऑटो, जनता से मांगा बृजमोहन के लिए वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा विधायक राजेश मूणत अनोखे अंदाज में बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में प्रचार करते नजर आए। आटो रिक्शा चलाने के साथ ही श्री मूणत ने बृजमोहन अग्रवाल के लिए जनता से वोट मांगा। भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने का संकल्प लेकर रायपुर लोकसभा कस्टर प्रभारी और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने मोर्चा संभाल लिया है। श्री मूणत ने अपनी विधानसभा में युवा चौपाल और चाय पर चर्चा अभियान चला रहे हैं। कभी वह खुद चाय बनाते और सर्व करते नजर आते हैं, तो कभी बिना सुरक्षा के आम लोगों के बीच पहुंच जाते हैं। श्री मूणत गुरुवार सुबह अनुपम गार्डन में योग अभ्यास और मार्निंग वाक करने पहुंचे लोगों से मिलने पहुंच गए,जहां उन्होंने लोगों के साथ तस्वीरें खिचाई और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। श्री मूणत ने कहा, गर्मी का मौसम हैं, लेकिन तेज गर्मी के बावजूद सुबह-सुबह मतदान केंद्रों में पहुंचे और बृजमोहन अग्रवाल को अपना सांसद चुनकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएं। श्री मूणत ने बताया, वह सर्वसमाज के सभी उम्र वर्ग, महिलाओं, युवाओं, विशेषकर फर्स्ट टाइम वोटर यानी पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के साथ चर्चा करके उन्हें देश के प्रति युवाओं की जिम्मेदारी, मतदान के महत्त्व भाजपा की रीति नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में किए गए कार्यों के बारे में बता रहे हैं।



## संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि ने बताई प्रक्रिया

# ओपीएस का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को एनएसडीएल से रकम निकालकर जमा करानी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के ऐसे शासकीय सेवक जिन्होंने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का विकल्प चुना है, उन्हें इस योजना के तहत पेंशन प्राप्त करने के लिए एनपीएस योजना की जो राशि एनएसडीएल में जमा कराई गई है, वह राशि राज्य में जमा करानी होगी। इसके बाद ही उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलना शुरू होगा। संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ ने पुरानी पेंशन योजान लागू होने पर सेवानिवृत्ति के प्रकरणों के निराकर के लिए प्रक्रिया निर्धारित की है। संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि द्वारा इस संबंध में प्रदेश के सभी संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा, और बस्तर को इस प्रक्रिया से अवगत कराया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में एनपीएस के स्थान पर ओपीएस लागू की गई थी।

### अब ये करना होगा

वित्त विभाग ने साफ किया है कि पुरानी पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए शासकीय सेवक को पेंशन का विकल्प भरना होगा। ऐसे प्रकरण जिसमें कर्मचारी द्वारा प्रान खाते में जमा राशि का आहरण नहीं किया गया है, ऐसे प्रकरणों में कर्मचारी द्वारा एनपीएस के नियम के अनुसार आहरण की कार्यवाही को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। इसके बाद आहरित राशि से कर्मचारी द्वारा नियोक्ता अंशदान तथा उस पर उपार्जित लाभ को चालान के माध्यम से शासन के निर्धारित प्राप्ति शीर्ष में जमा कराया जाएगा। कर्मचारी द्वारा नियोक्ता अंशदान तथा उस पर उपार्जित लाभ की राशि चालान के माध्यम से वापसी के बाद ही पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी किया जाएगा।

### अपनानी होगी ये प्रक्रिया

संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि द्वारा जारी प्रक्रिया के संबंध में कहा गया है कि वित्त निर्देश 11-2023 के अनुसार राशि जमा करने में आहरण एवं संवितरण अधिकारी जानकारी प्रदान करेंगे। वित्त विभाग द्वारा 28 फरवरी 2023 को पुरानी पेंशन योजना लागू होने के बाद सेवानिवृत्ति के प्रकरण में पेंशन का भुगतान करने के संबंध में ये निर्देश दिए गए थे। कहा गया है कि सेवानिवृत्ति के बाद संबंधित सेवानिवृत्त शासकीय सेवक अपने प्रान खाते में जमा शासकीय अंशदान एवं उस पर मिले लाभांश को शासकीय कोष में जमा करेंगे। इसके बाद पुरानी पेंशन योजना की पात्रता होगी और पेंशन भुगतान आदेश जारी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### समाजसेवी किशोर आहूजा ने भाजपा में की वापसी



रायपुर। समाजसेवी और भाजपा कार्यकर्ता किशोर आहूजा ने संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के समक्ष भाजपा में वापसी की। संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने श्री आहूजा को मुकुट और गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया। इस अवसर पर यूनियन क्लब में बृजमोहन अग्रवाल का स्वागत भव्य आतिशबाजी और पुष्पवर्षा से किया गया। इस अवसर पर सुनील सोनी, विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक देवजी पटेल, ललित जैसिंघ, गुरुचरण होरा, अमर गिदवानी आदि उपस्थित थे।

## निधन

### उमाशंकर चतुर्वेदी



रायपुर। महावीर नगर निवासी उमाशंकर चतुर्वेदी का 2 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 मई को सुबह 10 बजे पुरैना मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे गिरीश चतुर्वेदी के पिता थे।

### रामानुज तिवारी



रायपुर। जनता कॉलोनी गुढ़ियारी निवासी रामानुज तिवारी (सिंधौरी वाले) का 2 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 मई को सुबह 10 बजे कोटा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे आशीष, आशुतोष व अतुल शर्मा के पिता थे।

### अशोक गोलछा



रायपुर। समता परिसर अमलीडीह निवासी अशोक गोलछा (47) का 2 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 मई को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे घेवरचंद गोलछा के पुत्र, महेंद्र चंद के छोटे भ्राता, प्रणय के चाचा, रोहित, ओम एवं तन्मय के पिता थे।

### सुरेशचंद्र जैन



रायपुर। आरडीए कॉलोनी टिकरापारा निवासी सुरेशचंद्र जैन का 26 अप्रैल को जबलपुर में निधन हो गया। वे ईएसआई, फाफाडीह में कार्यरत नीता जैन के पिता और पीयूष जैन के ससुर तथा सार्थक एवं सुरभित जैन के नाना थे।

### रामानुज शर्मा



रायपुर। रोहिणीपुरम निवासी रामानुज शर्मा (आरंग वाले) का 1 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे भगवती प्रसाद शुक्ला के छोटे भाई व अमित शर्मा, आलोक शर्मा के पिता थे।

### सावित्री चंद्रवंशी



रायपुर। कुशालपुर पुरानी बस्ती निवासी सावित्री चंद्रवंशी का 2 मई को निधन हो गया। वे अधिवक्ता रितेश सिंह, राजेश सिंह, रेखा सिंह की माता थीं।

# रविवि की भर्राशाही... प्रश्नों में गड़बड़ी के बाद मूल्यांकन में लापरवाही, सही उत्तर को ठहरा दिया गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि की परीक्षा और मूल्यांकन प्रणाली से छात्र त्रस्त हो चुके हैं। हालात ये हैं कि छात्रों को आरटीआई के जरिए अपनी उत्तरपुस्तिका प्राप्त करके यह पता करना पड़ रहा है कि उनकी कॉपियां का मूल्यांकन सही तरीके से हुआ है अथवा नहीं। ताजा मामला एलएलएम का है। इसकी तृतीय सेमेस्टर की उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन में गड़बड़ी सामने आई है। एक छात्र द्वारा नतीजों से संतुष्ट नहीं होने पर अपनी उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति आरटीई के जरिए निकलवाई गई। मूल्यांकनकर्ता द्वारा बहुविकल्पीय सवालों के सही उत्तर को भी गलत बताते हुए अंक काट दिए गए हैं। जो सवाल रविवि ने पूछे थे, उसका जवाब छात्र द्वारा वही दिया गया है, जो किताब में दर्ज है। इसके बाद भी मूल्यांकनकर्ता ने छात्र के उत्तर को गलत मानते हुए क्रॉस का निशान लगाया है। एलएलएम तृतीय सेमेस्टर की संवैधानिक कानूनः जापान एवं स्वीटरलैंड के अंतर्गत ये प्रश्न पूछे गए थे। छात्र द्वारा रविवि प्रबंधन तथा उच्च शिक्षा विभाग को जांच के लिए खत लिखा गया है। गौरतलब है कि यह परीक्षा जनवरी में हुई थी तथा परिणाम 22 मार्च को जारी किए गए। इसके बाद से छात्र सुधार के लिए लगातार रविवि के चक्कर लगा रहा है।


## मामला एलएलएम का, आरटीआई से निकाली उत्तरपुस्तिका, तब हुआ खुलासा

### परिणाम जल्द, लेकिन बढ़ी गलतियां

रविवि द्वारा मौजूदा शैक्षणिक सत्र से केंद्रीय मूल्यांकन प्रारंभ किया गया है। इससे परिणाम तो जल्द घोषित हो रहे हैं, लेकिन गलतियां बढ़ गई हैं। परीक्षा परिणामों को लेकर असंतुष्ट छात्रों की संख्या बीते सत्रों के मुकाबले अधिक है। नियमित रूप से इस संदर्भ में शिकायतें मिल रही हैं। ना केवल मूल्यांकन बल्कि परीक्षा में पूछे गए सवालों को लेकर भी छात्रों द्वारा पूर्व में विरोध दर्ज कराया जा चुका है। बीबीए में निर्धारित अंक से कम अंकों के प्रश्न पूछने का मामला सामने आया था। इसी तरह से बीकॉम के पर्चे में अंकों की गड़बड़ी थी तथा हिंदी में छात्रों को 15 सवाल देकर 20 प्रश्न हल करने कहा गया था। इसे लेकर भी छात्रों ने अपनी शिकायतें दर्ज करवाई हैं।







### कर रहे हैं जांच

शिकायत की जांच कर रहे हैं। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

- प्रो.राजीव चौधरी, जनसंपर्क प्रभारी, रविवि


# दलदल सिवनी के इंदिरा स्मृति वन में भूजल रीचार्ज करने तैयार होगा स्ट्रक्चर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मिट्टी की संरचना के आधार पर वर्किंग पॉयलट प्रोजेक्ट

राजधानी के आउटर में स्थित कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड स्थित दलदल सिवनी के इंदिरा स्मृति वन में वर्षा जल संरक्षित करने सरफेज वाटर रीचार्ज सिस्टम तैयार किया जायेगा। इस कार्य को पूरा करने की जिम्मेदारी जियोलॉजिस्ट को दी जायेगी। इसके लिए जल्द वर्कआर्डर जारी होगा। निगम सीमा क्षेत्र में अपनी तरह का यह एक बड़ा प्रोजेक्ट होगा, जिसमें बारिश के पानी को बचाने पूरा सिस्टम खड़ा किया जायेगा।

दरअसल, दलदल सिवनी के इंदिरा स्मृति वन परिसर में बड़ी संख्या में हरे-भरे पेड़ पौधों की बहुलता को देखते हुए इस स्पॉट को रेनवाटर हार्वेस्टिंग के पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना गया है। यहां पर ग्राउंड वाटर रीचार्ज करने अलग-पाइंट पर सरफेज वाटर कलेक्ट करने शेटलिंग चैंबर लगाया जायेगा। विषय विशेषज्ञ इस इलाके में सर्वे कर वहां जलवृत्त पत्थर की पहचान करेंगे। इसके बाद चिन्हांकित पाइंट पर रीचार्ज सेक्टर विकसित करने का काम पूरा होगा।





### 600 से 800 फीट गहराई में पहुंचा पानी

इंदिरा स्मृति वन क्षेत्र को ग्राउंड वाटर रीचार्ज के पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में चुनने का प्रमुख कारण ये भी है, क्योंकि मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, कचना सहित आसपास के इलाकों में नई कालोनियां विकसित होने के बाद भूजल स्तर 600 से 800 वर्गफीट गहराई तक जा पहुंचा है। खमतराई, भनपुरी,श्रीनगर महावीर नगर, प्रियदर्शिनी नगर में भी कमोबेश यही स्थिति है।

### निगम स्कूलों, जोन दफ्तर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का सुझाव

भूजल विशेषज्ञ विपिन दुबे ने निगम प्रशासन को सुझाव दिया है, नगर निगम शहर में वर्षा जल संरक्षण की शुरुआत अपने ही स्कूल भवनों की छत, सामुदायिक भवन, अलग-अलग जोन दफ्तर और गांधी सदन स्थित मुख्यालय भवन की छत पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगवाये, इससे करोड़ों लीटर पानी की बचत होगी। इसके अलावा निगम की शहर में पड़ी खाली जमीन पर कमर्शियल कांप्लेक्स, दुकानें बनवाने की पौधारोपण कर वहां वर्षा जल संरक्षण के लिए सिस्टम लगवा सकता है। इससे शहर को काफी राहत मिलेगी।

# आरपीएफ ने 4 लाख के गांजा के साथ दो को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओडिशा से गांजा खरीदकर हरियाणा ले जा रहे दो तस्कर मंगलवार रात रायपुर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के हत्थे चढ़ गए। उनके बैग की तलाशी लेने पर 20 किलो गांजा जब्त किया गया। तस्करों ने पूछताछ में बताया कि ओडिशा से गांजा खरीदकर वे यात्री बस से रायपुर आए, फिर यहां से ट्रेन के जरिए दिल्ली से हरियाणा जाने की तैयारी में थे। प्री इलेक्शन सीजर अभियान मंडल के सभी स्टेशनों में चलाया जा रहा है। स्टेशन परिसर के साथ ही एक्सप्रेस ट्रेनों की मंडल टास्क और आरपीएफ पोस्ट रायपुर की टीम लगातार सघन जांच कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार देर रात सवा दस बजे मुखबिर की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर के प्रभारी निरीक्षक एसके दत्ता के नेतृत्व में उपनिरीक्षक केबी गुप्ता, सहायक उपनिरीक्षक डीसीएचएस बाबू, प्रधान आरक्षक वीसी बंजारे, पीके मेश्राम, आरक्षक देवेश सिंह ने आपरेशन नारकोस के तहत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच बिलासपुर छोर पर स्थित एफओबी सीढ़ी के पास दो संदिग्ध युवकों को बैठा देखकर घेराबंदी कर पकड़ा। दोनों के पिठ्ठू बैग की तलाशी लेने पर चार-चार पैकेट कुल आठ पैकेटों में 20 किलो गांजा मिला।



गांजे के साथ आरपीएफ के हत्थे चढ़े हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के ग्राम कनीना निवासी दिनेश कुमार (25) और ग्राम नांगल मोहनपुर, पोस्ट रसूलपुर निवासी सतीश कुमार(44) के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपियों ने कहा कि दिल्ली जाने के लिए स्टेशन पर बैठकर वे ट्रेन आने का इंतजार कर रहे थे। कुछ देर और होती, तो वे आराम से दिल्ली रवाना हो जाते, लेकिन ट्रेन आने से पहले पकड़े गए।

# चंदनीडीह में एनएचआई ने तोड़ी पाइप लाइन, निगम ने फिर कराई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- चंदनीडीह तक घर-घर पेयजल पहुंचाएगा निगम

रायपुर नगर निगम द्वारा चंदनीडीह के घरों में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन को राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने मार्ग बनाने के दौरान क्षतिग्रस्त कर दिया। विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर निगम ने क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत करा ली है। इससे जल्द ही चंदनीडीह के रहवासियों को पाइप लाइन के जरिये पीने का पानी मिलने लगेगा।

नगर निगम द्वारा जोन 8 क्षेत्र के चंदनीडीह के घरों में पेयजल आपूर्ति करने पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। टाटीबंध से चंदनीडीह तक 700 मीटर दायरे की पाइप लाइन को एनएचआई द्वारा सड़क बनाने के दौरान तोड़ दिया गया। तब निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर एनएचआई के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर उन्हें समझाइश दी गई। इसके बाद क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत का काम पूरा करा लिया गया है। विदित हो, नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल चंदनीडीह गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन नहीं होने से रहवासी पारंपरिक जलस्त्रोत पर निर्भर थे। अब वहां पाइप लाइन के जरिये घरों तक पानी पहुंचाया जायेगा।



# नौ साल की बच्ची से गैंगरेप, ट्रांसजेंडर समेत तीन को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व वर्ष 2020 जनवरी में 9 साल की बच्ची के साथ रेप करने के आरोप में कोर्ट ने एक बुजुर्ग के अलावा ट्रांसजेंडर तथा एक अधेड़ को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश लवकेश प्रताप सिंह बघेल की फास्ट ट्रैक पाक्सो कोर्ट में हुई।

लोक अभियोजक मोरिशा नायडू छत्तरी के मुताबिक कोर्ट ने मूलतः ओडिशा निवासी दयालु तांडी, 69 वर्षीय भरत तांडी तथा धमतरी निवासी ट्रांसजेंडर शंकर सागर उर्फ बिजली को कैद की सजा सुनाई है। तीनों पर बारी-बारी से बच्ची का यौन शोषण करने के आरोप हैं। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक दयालु तथा भरत ने जीवन कांप्लेक्स में बच्ची के साथ रेप किया। इसके बाद ट्रांसजेडर ने बच्ची को अपने साथ जिला अस्पताल के पास ले जाकर रेप किया।

### ऐसे मिली रेप की जानकारी

बच्ची को लावारिस हालत में घूमते देख जिला बाल कल्याण समिति ने शंकरनगर स्थित बालिका गृह आश्रम में दाखिल किया। बालिका गृह आश्रम की अधीक्षिका रत्नी दुबे ने बच्ची की काउंसिलिंग की तो बच्ची ने अधीक्षिका को अपने साथ ट्रांसजेंडर सहित तीन लोगों द्वारा रेप करने की जानकारी दी। इसके बाद अधीक्षिका ने घटना की शिकायत थाने में की।

### ट्रांसजेंडर के माध्यम से धरे गए

पीड़ित बच्ची ने काउंसिलिंग में बताया कि उसके साथ रेप करने वाला ट्रांसजेंडर जिला अस्पताल के पास घूमता रहता है। इसके बाद पुलिस ने जिला अस्पताल के पास से ट्रांसजेंडर को गिरफ्तार कर पूछताछ की, जिसके बाद अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली। बच्ची के साथ रेप की घटना बालिका गृह आश्रम में दाखिल होने के साढ़े तीन माह पूर्व हुई थी।

### रेप के आरोपी को 10 साल कैद

गरियाबंद जिला के मैनपुर थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व अनुसूचित जनजाति की महिला के साथ रेप करने के आरोप में कोर्ट ने आरोपी को 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की अनुसूचित जाति, जनजाति कोर्ट में हुई। लोक अभियोजक निलेश ठाकुर के मुताबिक कोर्ट ने महिला के साथ रेप करने के आरोप में प्रकाश सिंह नायक को कैद की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक महिला ने तीन दिसंबर 2022 को अपने साथ रेप होने की थाने में शिकायत दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज कराने के तीन माह पूर्व से प्रकाश ने महिला के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया था। महिला ने कोर्ट में बताया कि वह गांव की महिलाओं के साथ महिला समूह चलाती है, इसके लिए उसने लोन लिया था। लोन की एक किस्त की अदायगी नहीं होने पर प्रकाश उसके घर पहुंचा, तो महिला घर पर अकेली थी। इसका फायदा उठाते हुए प्रकाश ने महिला के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। महिला ने कोर्ट को बताया कि लोकलाज के डर से वह थाने में शिकायत दर्ज नहीं करा रही थी। आत्मग्लानि होने पर उसने प्रकाश के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## पेज 9 के शेष

### तेलीबांधा के इस...

रोड के आसपास कई बड़े होटल होने के साथ ही एयरपोर्ट व नया रायपुर आने-जाने वाले भी इस रूट का इस्तेमाल करते हैं। माना एयरपोर्ट आने-जाने का प्रमुख मार्ग होने से वीआईपी मूवमेंट भी हमेशा बना रहता है। इससे आए दिन ट्रैफिक जाम के कारण पुलिस बल को रास्ता क्लीयर करने के लिए मुस्तैद किया जाता है। इसे देखते हुए ही पूर्व सरकार ने तेलीबांधा तिराहा से रिंग रोड क्रमांक एक से अग्रसेन धाम चौक की बीच 6 लेन फ्लाई ओवरब्रिज बनाने के लिए 473.17 करोड़ रुपए की लागत वाले प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए भूमिपूजन किया, लेकिन अभी काम शुरू करने की प्रक्रिया चल रही है।

काम शुरू करने में विलंब- लोक निर्माण विभाग के सूत्रों ने बताया कि नेशनल हाईवे से एनओसी मिलने के बाद ही डेवलपमेंट प्लान तैयार होगा। इसके बाद निर्माण एजेंसी तय करने के लिए टेंडर प्रोसेस होगा। चूंकि निर्माण एनएचएआई के दायरे में होना है, इसे देखते हुए फ्लाई ओवर बनाने के लिए एजेंसी को भी प्राथमिकता दी जाएगी। इसे तय करने में ही अभी सालभर लगेगा। इसके बाद 6 लेन फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण होगा, यानी इस सुविधा के लिए शहर के लोगों को लंबा इंतजार करना होगा। इसमें सबसे बड़ा रोड़ा एनओसी है।

### मुनाफाखोरी से पतला...

नाम नहीं ले रही है। पूरे बाजार में एक तरह से सिंडीकेट का कब्जा हो गया है। एक एक करके सामानों की कीमत बढ़ाने का खेल चल रहा है। हालांकि कई सामानों की कीमत बढ़ने का सही कारण भी होता है। लेकिन ज्यादातर सामानों की कीमत बढ़ने के पीछे मुनाफाखोरी का ही खेल चल रहा है। सबसे ज्यादा मुनाफाखोरी का खेल चिल्हर में चल रहा है। एक ही सामान की कीमत एक ही शहर में अलग-अलग रहती है। किचन का हर सामान महंगा होते जा रहा है। एक सामान की कीमत को एक सीमा पर ले जाकर छोड़ने के बाद दूसरे सामान को पकड़ लिया जाता है।

### लगातार बढ़ रही...

चावल 65 रुपए किलो से कम का नहीं है। काली मूंछ केसर मलाई चावल थोक में 58 से 62 रुपए हैं। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो चिल्हर में यह 63 से 65 रुपए में मिल रहा है। इसी तरह से एचएमटी चावल थोक में 48 से 58 और चिल्हर में 55 से 65 रुपए, जयश्रीराम चावल थोक में 58 से 64 और चिल्हर में 65 से 70 रुपए हैं। जवां फूल चावल थोक में 74 से 80 और चिल्हर में 85 से 90 रुपए है। बासमती चावल की कीमत थोक में 90 से 140 और चिल्हर में 100 से 160 रुपए है।

### छह मंजिला बिल्डिंग...

बताया कि फ्लैट पिछले छह महीने से बंद है। पुलिस को आशंका है कि फ्लैट में किसी इलेक्ट्रिक उपकरण में शार्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी होगी।

### नमी की मात्रा में...

थोड़ी वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश के कुछ जिलों में हल्के बादल रह सकते हैं, लेकिन बारिश की स्थिति निर्मित नहीं होगी। प्रदेश में शुक्रवार को मौसम शुष्क ही रहेगा। 48 घंटों क बाद अगले 2 दिनों में तापमान में एक से तीन डिग्री तक की क्रमिक वृद्धि होगी। राजधानी में आज आसमान पूरी तरह से साफ रहेगा। भीषण गर्मी का सामना फिलहाल लोगों को लगातार करना पड़ेगा।

### शराब घोटाले में तीन...

एसीबी की विशेष अदालत में पुनः पेश किए गए। उनको फिर 14 दिनों के लिए जेल भेजा गया। इसके साथ ही ईओडब्लू के आवेदन पर त्रिलोक सिंह ढिल्लन की स्पेशल कोर्ट ने रिमांड अवधि छह दिनों के लिए बढ़ा दी है। गौरतलब है कि शराब घोटाले की जांच ईओडब्लू, एसीबी के साथ ईडी कर रही है। एक माह पूर्व अनवर के अलावा अरविंद सिंह तथा एपी त्रिपाठी को राज्य की जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपियों को अलग-अलग तिथि में 14 दिनों की रिमांड पर लेने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल किया है। न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिन पूरी होने के बाद उन्हें आज पुनः कोर्ट में पेश किया गया। इसी तरह से शराब घोटाले के एक अन्य आरोपी त्रिलोक सिंह को ईओडब्लू एक सप्ताह पूर्व गिरफ्तार तकर पूछताछ कर रही है। ईओडब्लू ने त्रिलोक को दूसरी दफा रिमांड पर लिया है।

### ट्रिपल आईटी के ...

आईआईआईटी विश्वविद्यालय संशोधन अधिनियम के प्रावधान के तहत नियुक्त निदेश के उसके पद पर कार्यभार ग्रह करने की तिथि तक बोर्ड अपने किसी सदस्य को निदेशक के कृत्य सौंप सकेगा। यह अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**शपथ पत्र**

(प्रस्तुत समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ. ग.)

यह कि, श्रीमती रेखा खरे पति श्री अनेक खरे निवासी फ्लेट नं. 20 ब्लाक नं. 1, बी. एस. युपी. कालोनी, सरस्वती नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि-

1. यह कि श्रीमती रेखा खरे पति श्री अनेक खरे निवासी फ्लेट नं. 20 ब्लाक नं. 1, बी. एस. युपी. कालोनी, सरस्वती नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) की निवासी हूं।
2. यह कि, मेरे हक व स्वामीत्व की सम्पत्ति मौजा गोगांव, प.ह.नं. 107/37 रा.नि.मं. रायपुर, तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित सम्पत्ति, जिसका खसरा नं. 364/6, 366/6 (नया खसरा नं. 364/6) रकबा 0.008 हेक्टे. व 927 वर्गफुट है।
3. यह कि, उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति का पूर्व का विक्रय विलेख कि मूल प्रति जो कि कही गुम हो गई है जो निम्नानुसार है : क्रेता श्री संतोष कुमार साहू पिता बुधराम साहू ने विक्रेता श्री रामलाल साहू पिता श्री मनबोधिया साहू से उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में पंजीयन दिनांक 11/04/2001 को पुस्तक अ - 1, ग्रंथ क्रमांक 25518, पृष्ठ क्रमांक 1 /7, दस्तावेज क्रं. 61 (क) देकर पंजीकृत किया गया है।
4. यह कि, उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय अभिलेखो में श्रीमती रेखा खरे पति श्री अनेक खरे के नाम पर दर्ज है।
5. यह कि, उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति किसी भी संस्था, बैंक, शासकीय एवं अर्ध्दशासकीय निकाय इत्यादि मे बंधक है व उपरोक्त सम्पत्ति सभी भार से मुक्त है।
6. यह कि, उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी भी प्रकार का वाद-विवाद की स्थिति नहीं है यदि इसपर वाद-विवाद कि स्थिति उत्पन्न होना पाया गया तो इसकी समस्त जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी।

शपथकर्ता

**सत्यायन**

यह कि, मै श्रीमती रेखा खरे पति श्री अनेक खरे निवासी फ्लेट नं. 20 ब्लाक नं. 1, बी. एस. युपी. कालोनी, सरस्वती नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णित कंडिका 1 से 6 तक कथन मेरे स्वतः के निजि ज्ञान से सही है आज दिनांक 02/05/2024 को पढ़कर, समझकर सत्यापन कर अपना हस्ताक्षर किया।

दिनांक 02/05/2024 शपथकर्ता

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेतागण (1) श्रीमती शिवानी गुप्ता, पति - श्री शंकर गुप्ता, निवासी शंकर नगर, रायपुर, जिला- रायपुर छ.ग. (2.) श्रीमती पलक अग्रवाल, पति प्रतिक अग्रवाल, निवासी- मोवा, जिला- रायपुर, छ.ग. (3.) श्रीमती अनिता अग्रवाल, पति - श्री नीरज कुमार अग्रवाल, निवासी- मोवा, रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा- ग्राम- तामासिवनी, प.ह.नं. 00005, रा. नि. मं.- तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 862/1, रकबा 0.1100 हेक्टे., खसरा नं. 862/2, रकबा 0.1300 हेक्टे., खसरा नं. 863/1, रकबा 0.0400 हेक्टे., खसरा नं. 863 / 2, रकबा - 0.0200 हेक्टे., खसरा नं. 863 /3, रकबा 0.0200 हेक्टे., खसरा नं. 864 रकबा 0.1100 हेक्ट, खसरा नं. 865, रकबा – 0.0800 हेक्टे., खसरा नं. 866/1, रकबा - 0.0800 हेक्टे., एवं खसरा नं. 866/2, रकबा 0.0800 हेक्टे. कुल खसरा 9 कुल रकबा 0.6700 हेक्ट, है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जाने।

स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक 02/05/2024

(गीतेश कुमार बैस)
अधिवक्ता
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98274-62029, 90090-57851

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133




MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
- Spoken English & Personality Development Classes
- Transport & Surveillance Facility
- Monthly Seminar & Discussion
- Personal attention on each students
- Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 07771-4000123

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
- Extra curricular activities
- Personal attention to each student Limited student in each class
- Music, Dance, personality development classes
- Yoga
- Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) Mo.:- 9589085558,9329621221, Email:- rpsraipur123@gmail.com




ASSURANCE OF SUPERIOR SAFETY
EICHER PARTNERING PROSPERITY
- RELIABLE AND STRONG
- NEXT GEN FEATURES
- BENCHMARK OF SAFETY
- COMFORT & CONVENIENCE
GK Automotive Pvt Ltd
Opp. Kabir Nagar, Sondongri, Ring Road No.-2, Raipur (C.G.)
Mo.: 98268 97000
BRANCHES: DURG | RAJNANDGAON DHAMTARI | MAHASAMUND BALODA BAZAAR

Contact to Add Your School - 79871-19756

## खबर संक्षेप



### मतदान बढ़ाने कलेक्टर से की मुलाकात

**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल के पदाधिकारियों ने गुरुवार को कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात की। इसी दौरान पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मतदान बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन लिया। मुलाकात के दौरान अध्यक्ष दिलीप इसरानी, मनोहर छुगानी, सुनील अजवानी, अशोक इसरानी, शंकर, नरेश लालवानी, हरीश अजवानी, अजीत मोटवानी, मोहन, विजय हेमानी उपस्थित रहे।

### गायत्री परिवार की शुरू होगी ग्राम तीर्थयात्रा



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार में अखंड दीप के 100 वर्ष पूरे होने पर गायत्री परिवार द्वारा ग्राम तीर्थयात्रा की शुरुआत की जा रही है। अखंड दीप को पूरे देशभर में भ्रमण कराया जाएगा। इस संबंध में गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार से रायपुर पहुंचे ऋषि पुत्रों द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक ली गई। बैठक में प्रदेशभर के पदाधिकारी उपजोन जिला जोन और शक्तिपीठ के पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में छत्तीसगढ़ में रथ के संचालन और अखंड ज्योति को लेकर पूरे प्रदेश में भ्रमण करने के विषय पर चर्चा हुई, जिला स्तर पर अखंड ज्योति को भ्रमण करने और ग्रामीण क्षेत्रों में अखंड ज्योति को गांव-गांव तक ले जाने, गायत्री परिवार के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई।

### पंजाबी महिला मंडल ने दाना पानी के लिए बांटे सकोरे



**रायपुर।** मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ पंजाबी महिला मंडल द्वारा मरीन ड्राइव में बुधवार को छाछ एवं चिड़ियों के दाना-पानी के लिए सकोरा वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में रेनू गुप्ता, मीना बजाज, विजय लक्ष्मी बजाज, उमा डूडेजा, प्रिया नारंग, उर्मिला अरोड़ा, संतोष सूरी, सुरेखा कुमार, रीता चोपड़ा, बिंदु बग्गा, अलका मोदी, किरण बत्रा, शशि डूरेजा, अंजू अरोड़ा सदस्य उपस्थित थे।

### 'रैपिडो और चुनाव कार्यालय की पहल', मतदाताओं को मिलेगी परिवहन सेवा



**रायपुर।** देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ भारत के प्रमुख कम्यूट एप रैपिडो ने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए 'सवारी जिम्मेदारी की' पहल लांच की है। रायपुर जिला चुनाव कार्यालय के सहयोग से रैपिडो 7 मई को रायपुर के मतदाताओं के लिए मुफ्त बाइक, टैक्सी राइड उपलब्ध कराएगी। 150 बाइक, टैक्सी कैप्टंस के साथ इस रैली को कलेक्टोरेट परिसर, मल्टी पार्किंग, घड़ी चौक से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं विश्वदीप जिला पंचायत सीईओ और निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा मौजूद रहे। उन्होंने नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।




# पीले चावल-पाती लेकर दूल्हे के हल्दी रस्म मंडप में पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने गुरुवार को जिले में पीले चावल और आमंत्रण पत्र (पाती) अभियान शुरू किया है।

इस अभियान के तहत चुनाव ड्यूटी में लगे प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मतदाताओं के घर-घर जाकर पीले चावल संग पाती देकर 7 मई को मतदान केंद्र पहुंचकर वोट करने की अपील कर रहे हैं। कलेक्टर गौरव सिंह भी इस अभियान के तहत मतदाताओं से अपील करने शहर में निकले थे। इस दौरान वे एक दूल्हे की हल्दी रस्म मंडप में जा पहुंचे और दूल्हे सहित उसके परिवार को पीले चावल और पाती भेंट कर उनसे वोट करने की अपील की। घर-घर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के पहले दिन कलेक्टर जोरा क्षेत्र में पहुंचे। उनके साथ जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप, बाल एवं महिला विकास विभाग की अधिकारी निशा मिश्रा सहित अन्य अधिकारी भी थे। इस दौरान कलेक्टर पूरी टीम के साथ जोरा में एक घर में शादी की चल रही तैयारियों को देखते हुए वहां पहुंचे। उस समय उस घर में लगे मंडप पर दूल्हे की हल्दी रस्म अदा की जा रही थी। कलेक्टर ने इस दौरान दूल्हे और उसके परिवार के सभी सदस्यों को शादी की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पीले चावल और पाती भेंट कर मतदान करने की अपील की।

- वोट के लिए मतदाताओं से अपील करने पीले चावल संग पाती बांटने निकले जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी

**परिवार को वोट करने दिया आमंत्रण**



#### परिवार ने कलेक्टर से कहा- जरूर आएंगे वोट देने

कलेक्टर के हल्दी रस्म कार्यक्रम में पहुंचने से जोरा निवासी भोई परिवार की खुशियां डबल हो गईं। परिवार के सभी लोगों ने कलेक्टर द्वारा दिए गए पीले चावल व पाती को लेने के बाद उनसे कहा कि वे सभी वोट करने जरूर आएंगे। इस दौरान परिवार ने कलेक्टर को घर आकर मतदान के लिए आमंत्रण देने के लिए धन्यवाद भी दिया।

### हितग्राही अभी भी राशन दुकानों के चक्कर काट रहे

# राशन दुकानों में चावल सप्लाई में देर, नान-ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी एक-दूसरे पर फोड़ रही ठीकरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

उचित मूल्य की दुकानों में दो माह का चावल एक साथ हितग्राहियों को बांटा जाना है, लेकिन राशन दुकानों में चावल की सप्लाई में देर करने के कारण अब तक जिले में 50 प्रतिशत से कम हितग्राहियों को ही दो महीने का चावल मिल पाया है। शेष हितग्राही अभी भी दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। इधर राशन दुकानों में चावल की सप्लाई में देर के लिए नागरिक आपूर्ति निगम (नान) प्रबंधक का कहना है कि इसके लिए होरा ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी जिम्मेदार है, क्योंकि इसके लिए एजेंसी पर्याप्त मात्रा में गाड़ियां ही उपलब्ध नहीं करा पा रही है, वहीं दूसरी ओर एजेंसी ने नान प्रबंधक को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है।

एजेंसी का कहना है कि देर से डीओ कटने, कम कार्यदिवस मिलने, बिल देर से जेनरेट होने तथा नान से भुगतान में देर किए जाने आदि कारण से चावल की सप्लाई में विलंब हुआ है। इस तरह नान प्रबंधक और ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी दोनों चावल सप्लाई में देर के लिए एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।




#### छोटी दुकानों में अभी भी चावल की कमी

नान प्रबंधक और ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी के विवाद के कारण चावल सप्लाई में देरी पर कलेक्टर की नाराजगी के बाद राशन दुकानों में चावल की सप्लाई तेज कर दी गई है। हालांकि इसके बाद भी शहर में गली-मोहल्लों में खुली छोटी-छोटी दुकानों में चावल की कमी बनी हुई है, जिसके कारण हितग्राहियों को दो महीने का चावल नहीं मिल पा रहा है।

#### दूसरी एजेंसी से गाड़ियां बुलाकर सप्लाई की जा रही

होरा ट्रांसपोर्टिंग के अलावा दूसरी एजेंसी से गाड़ियां बुलाकर चावल की सप्लाई की जा रही है। अप्रैल का शत-प्रतिशत चावल आबंटन किया जा चुका है। मई का भी 70-80 प्रतिशत आबंटन हो चुका है।

**- डीएम पांडेय,** प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर

#### नान-एजेंसी के बीच बढ़ा विवाद

हरिभूमि ने राशन दुकानों में चावल सप्लाई प्रभावित की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इस खबर के बाद नान और ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी होरा के बीच विवाद बढ़ गया है। दोनों एक-दूसरे को इसके लिए जिम्मेदार ठहराने लगे। सूत्रों के अनुसार इस मामले को कलेक्टर गौरव सिंह ने भी संज्ञान लिया था, जिसके बाद उन्होंने नान प्रबंधक और एजेंसी दोनों से बातचीत की थी। प्रबंधक ने राशन दुकानों में परिवहन किए गए चावल की रिपोर्ट पेश की थी। इस रिपोर्ट के एवज में एजेंसी ने भी एक रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें उन्होंने नान प्रबंधक की रिपोर्ट को गलत बताया था। नान की ओर से प्रबंधक ने भी एजेंसी की रिपोर्ट को गलत बताया है। कलेक्टर से एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत करने के बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया है।

#### अप्रैल में 50 प्रतिशत से कम हितग्राहियों को बंट पाया दो माह का चावल

राशन कार्ड धारकों को दो महीने चावल एक साथ वितरित किए जाने का आदेश शासन ने मार्च में जारी किया था। इसके तहत हितग्राहियों अप्रैल और मई का चावल एक साथ वितरित किया जाना था, लेकिन नान के माध्यम से राशन दुकानों को की जाने वाली चावल की सप्लाई में ही देर कर दी गई। राशन दुकानों को अप्रैल का चावल ही उस माह में शत प्रतिशत सप्लाई नहीं की गई, वहीं कई दुकानों में मई का चावल भी आधा ही पहुंच पाया। इसके कारण पिछले माह 50 प्रतिशत से कम हितग्राहियों को ही दो महीने का चावल मिल पाया है।

# अब संविधान के बुनियादी ढांचे को बदलने की तैयारी, चुनाव में सरपंचों जैसे दांव-पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक योगेन्द्र यादव का पत्रकारों से रूबरू कार्यक्रम

देश में वर्तमान लोकसभा चुनाव कई मायने में असामान्य सा लगने लगा है। इस चुनाव के महत्व व मायने अब जनता समझने लगी है। अभी केन्द्र की सत्तारूढ़ पार्टी के बड़े नेता 400 पार के दावे कर रहे हैं। इसे मतदाता भी देख और समझ रहे हैं। भारत जोड़ो अभियान का हिस्सा होने के नाते लोगों से चर्चा में यह महसूस भी किया है। नए-पुराने दौर की बातों का जिक्र करते हुए दोपहर एक बजे भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक योगेन्द्र यादव मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकारों से रूबरू हुए।

इससे पहले प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई और अरविंद सोनवानी ने अभियान योगेन्द्र यादव का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने अभियान से जुड़े अनुभव व सवालों के जवाब में कई बाते कहीं। बताया कि यह चुनाव लोकसभा के बजाय संविधान सभा का ज्यादा लग रहा है। इसमें बड़े बदलाव के लिए ही अबकि बार 400 पार का नारा लगाया जा रहा है। हकीकत कुछ और ही है। ऐसे दावे पूर्व में कांग्रेस ने किए और इंदिरा जी की सरकार चली गई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के पहले भी नए लोगों को इलेक्शन की जिम्मेदारी दी गई। मैच शुरू होने से पहले कांग्रेस के नेताओं के यहां रेड डालने जैसे कई हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल और सोरेन को जेल भेज दिया।

#### सरपंच चुनाव जैसे हालात

इसे दमनकारी हथकंडा कहा जाता है, जो सत्तारूढ़ पार्टी अपना रही है। आमतौर पर मैंने इस तरह के दांव-पेच सरपंच चुनाव में देखे हैं, जो इस बार लोकसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है। मंदिर के नाम पर वोट मांगा जा रहा है। दो बार के पीएम से कोई हिसाब नहीं मांग रहा, जो मांगते हैं, उन्हें डॉ. मनमोहन सिंह सरकार का हिसाब दिया जा रहा है। अग्निवीर का क्या हुआ, युवा बेरोजगार हैं, उन्हें कब नौकरी मिलेगी, इन सवालों का कोई जवाब नहीं दे रहा है। इसे जनता देख और समझ रही है।

## जेम एंड ज्वेलरी के विद्यार्थियों ने सराफा बाजार में स्टडी और इंटर्नशिप को प्रायोगिक तौर पर जाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विद्यार्थियों ने कई जेम एंड ज्वेलरी संस्थानों का भ्रमण किया

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय द्वारा संचालित जेम एंड ज्वेलरी कोर्स की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों ने गुरुवार को अपने विषय को प्रायोगिक तौर पर देखने व समझने सदरबाजार के विभिन्न जेम एंड ज्वेलरी संस्थानों का भ्रमण किया। उनका यह भ्रमण जेम एंड ज्वेलरी स्टडी और इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत था।

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के रत्नाभूषण प्रतिष्ठान जेवर में पहुंचे छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ में रत्नाभूषण उद्योग के भविष्य, इस क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवश्यकता, रोजगार व स्वरोजगार की संभावनाओं पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। श्री मालू ने छात्र-छात्राओं को हालमार्क ज्वेलरी, रत्न आभूषण में उपभोक्ता संरक्षण, क्वालिटी कंट्रोल, छत्तीसगढ़ की परम्परागत ज्वेलरी, रत्न आभूषणों में बदलते ट्रेंड, हेंड मेड ज्वेलरी, कास्टिंग ज्वेलर्स, जियो राजनीतिक परिस्थितियों का प्रभाव, सोने चांदी की कीमत, सोने चांदी जैसे मूल्यवान धातुओं व आम उपभोक्ताओं के खरीदने की क्षमता पर खुलकर चर्चा की।

सवाल जवाब के बीच उन्होंने अपनी जिज्ञासा भी शांत की। आधुनिकता के दौर में परम्परागत विधि से सोने चांदी को परखने की विधि के संबंध में भी श्री मालू ने उन्हें अवगत कराया।

## भागवत महापुराण से मिलता है मोक्ष : पं. मनोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अनैतिक कार्य न करने व शराब न पीने का दिलाया संकल्प

पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर के सामने में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ कथा में मां महामाया मंदिर के भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने गुरुवार को कथा में बताया कि भागवत महापुराण साक्षात भगवान श्रीकृष्ण स्वरूप नारायण ही है, जो मोक्ष का मार्ग दिखलाती है।

श्रीमद भागवत महापुराण सभी पुराणों में सर्वश्रेष्ठ है। इसे केवल बुढ़ापे में नहीं, बल्कि बचपन में, युवा, हर अवस्था में, हर कोई सुन सकता है और सुनना चाहिए। उन्होंने कथा में भगवान बलराम और कृष्ण की बहन सुभद्रा का विवाह अर्जुन के साथ होने, ऋषि दुर्वाशा का यदुवंशियों को श्राप तथा भगवान के स्वधाम गमन की कथा सुनाई।

#### भागवत महापुराण सुनने से मिलती है सुख-शांति

भागवताचार्य ने कहा कि मनुष्य आज सुख-शांति पाने के लिए न जाने कितने उपाय करता है। दौड़-भाग करते रहते हैं, लेकिन भागवत महापुराण सुनें तो सुख-शांति अपने आप मिल जाती है, कष्ट दूर हो जाता है और मोक्ष पद की प्राप्ति भी होती है। कथा के समाप्ति के बाद पं. मनोज शुक्ला ने भक्तों को स्वयं व अपने आसपास अनैतिक कार्य न करने व जुआ, शराब से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

# सड़क हादसे में घायल डॉक्टर के परिवार को अब तक नहीं मिला न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल डॉक्टर डॉ. एम अनीस मेमन के परिवार को अब तक न्याय नहीं मिला है। डॉ. मेमन उनकी पत्नी तथा बेटा छह मार्च को टहल रहे थे। इसी दौरान नशे में धुत्त कार सवार लड़कों ने डॉक्टर के परिवार का एक्सीडेंट कर दिया। घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे कार सवार लड़कों को भीड़ ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया, लेकिन पुलिस पर उन लड़कों को छोड़ देने तथा अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को रफा दफा करने का आरोप है।

डॉक्टर मेमन ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया है कि घटना दिनांक को वे अपनी पत्नी तथा बेटे के साथ कैनाल लिंक रोड के श्याम नगर चौक के पास रात 11 बजे टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान पीछे से एक तेज रफ्तार कार ने डिवाइडर पर चढ़ने के बाद अनियंत्रित होकर उन्हें ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से डॉ. मेमन के पैर तथा कंधे की हड्डी टूट गई। साथ ही डॉक्टर के बेटे का पैर फ्रैक्चर हो गया। डॉक्टर की पत्नी अब तक पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाई है। डॉक्टर की पत्नी के सिर के साथ दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए। पैरों में स्टील की प्लेट लगानी पड़ी है। डॉक्टर की पत्नी का दो बार ऑपरेशन करना पड़ा। ठीक नहीं होने पर तीसरी बार भी ऑपरेशन किया जा सकता है।



- पुलिस जांच पर उठ रही अंगुली, घटना के दो माह बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर
- आरोपी को भीड़ ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया लेकिन पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया

#### आरसी बुक में मालिक का नाम बदला

घटना के बाद हुंडई कार सीजी 04 एमएफ 2588 की नंबर प्लेट टूटकर गिर गई। नंबर प्लेट के आधार पर कार मालिक के बारे में जानकारी जुटाई गई, तो कार किसी संधू सेन नाम की महिला के नाम पर रजिस्टर्ड मिली। दूसरे दिन सात मार्च को नंबर के आधार पर सर्च किया गया, तो कार रामकुंड निवासी किसी सकलेन शेख के नाम पर रजिस्टर्ड होना पाई गई।

#### सुपुर्द करने के बाद भी अज्ञात पर उठ रही अंगुली

डॉक्टर मेनन के मुताबिक घटना के बाद उनकी पत्नी तथा बेटा बेहोश हो गए थे। रास्ते से गुजर रहा एक ओला चालक उन्हें रामकृष्ण अस्पताल लेकर गया। घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे कार चालक का टायर बर्स्ट हो गया। इस वजह से बदमाश भाग नहीं पाए। तब तक मौके पर भीड़ पहुंच चुकी थी। भीड़ ने कार चालक तथा कार पर सवार दो अन्य लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। इसके बाद भी पुलिस द्वारा अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज करना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। घटना के बाद पुलिस ने अब तक घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फूटेज की जांच करने के साथ लोगों के बयान तक दर्ज करना उचित नहीं समझा।

**बिजनेस साइट**

## पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण




**रायपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन ने महिलाओं को निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया।

इसके माध्यम से अब तक हजारों महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, इस साल भी पारस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन भाटागांव के माध्यम से महिलाओं को 30 दिनों का निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप के शैली राई (प्रेसिडेंट थर्ड जेंडर), प्रतिमा कोशले ( साइबर हेल्प लाइन), पायल नागरानी, हरदीप कौर, भावना, शगुप्ता, कविता सिंग और संस्थान की डायरेक्टर कविता कुंभज मौजूद रहीं। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। यह पहल केवल महिलाओं के लिए नहीं थी, बल्कि समाज में उनकी भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए थी। प्रोग्राम के माध्यम से महिलाओं को नवीनतम तकनीकी ज्ञान और कंप्यूटर कौशल मिला। इसके साथ ही उन्होंने व्यावसायिक योग्यता और रोजगार के अवसरों के साथ संवेदनशीलता तथा आत्मविश्वास में भी सुधार किया।






03 गर्मियों की कुछ आदतें बढ़ा सकती हैं...

लाइव इवेंट

## संकल्प और अच्छी आदतों से गरीब भी बन सकता है पीएम



**रायपुर।** श्रम दिवस के उपलक्ष्य में नूतन स्कूल टिकरापारा में 200 से अधिक श्रमिक परिवार के स्कूली बच्चों को यूनिफॉर्म, अध्ययन सामग्री और अन्य चीजें उपहार के रूप में भेंट की गईं। राष्ट्रीय दिशा मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक बीआर किन्हेंकर रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं पालक मौजूद रहे। बीआर किन्हेंकर ने इस अवसर पर बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा, आज देश में गरीबी में पला-बढ़ा व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री है। आप में भी वो क्षमता है। सफलता के लिए पैसे की आवश्यकता नहीं है। अच्छी पढ़ाई, संकल्प और अच्छी आदतें ही इंसान को महान बनाती हैं। देश के प्रधानमंत्री इसके उदाहरण है।

### पीछे रह गए लोगों को बढ़ाना हमारा दायित्व

उन्होंने कहा, राष्ट्र निर्माण में सरकार के साथ-साथ सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका और दायित्व है। इसी से देश महान बन सकता है। उन्होंने कहा, समाज में पीछे रह गए लोगों को आगे बढ़ाने का दायित्व हम सबका है। श्रमिक दिवस का यही संदेश है। शाला संचालक केएम अग्रवाल ने आयोजन का उद्देश्य बताते हुए अन्य जानकारियां साझा की। प्राचार्य डॉ.ममता पांडे, उपप्राचार्य सुनीता रायकवार, रजनी जाल सहित अन्य शिक्षक इस दौरान उपस्थित रहे।

सोशल इवेंट

## मोबाइल एडिक्शन दूर करने समाज ने प्रारंभ किया कैंप



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई एवं यूनियन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मेगा समर कैंप प्रारंभ किया गया है। संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं खेल मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। कैंप 15 जून तक चलेगा। सिंधी काउंसिल के प्रदेशाध्यक्ष ललित जैसिंघ एवं यूनियन क्लब अध्यक्ष गुरुचरण होरा ने बताया, 6 से 16 साल तक के बच्चे व किशोर इस समर कैंप में भाग ले सकते हैं। इसमें स्विमिंग, बैडमिंटन, बिलियड्‌र्स, टेनिस, लॉन्ग टेनिस की ट्रेनिंग विशेष कोच द्वारा दी जाएगी। संस्कृति मंत्री ने कहा, गर्मी की छुट्टी में बच्चे मोबाइल खेलने से अच्छा बैडमिंटन खेलें और स्विमिंग सीखें। खेल मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा, हमारी आने वाली पीढ़ी अगर खेल में रुचि ले रही है। मुझे उम्मीद है इस समर कैंप में बच्चे ट्रेनिंग लेकर अच्छे खिलाड़ी बनेंगे।

### बताई जाएगी खेलों की तकनीक

विधायक अजय चंद्राकर, पुरंदर मिश्रा और मोतीलाल साहू ने सभी बच्चों को समर कैंप की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सांसद सुनील सोनी, पूर्व विधायक देवजी पटेल, श्रीचंद सुंदरानी, लक्ष्मी वर्मा, अमर गिदवानी, अमित जीवन, तेजकुमार बजाज, किशोर आहूजा, नितिन कृष्णानी, प्रणीत सुंदरानी, दीपक रामनानी, निलेश सहित अन्य समाजगण उपस्थित रहे। इस कैंप के जरिए बच्चों को खेल संबंधित गतिविधियों के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्हें मोबाइल से दूर रखते हुए विभिन्न तरह के खेलों पर फोकस किया जाएगा। विशेषज्ञ बच्चों को खेल की तकनीक बताएंगे।

सिटी इवेंट

## बच्चे सीख रह फायरलैस कुकिंग हॉकी, फुटबॉल संग पियानो-गिटार



**रायपुर।** सालेम इंग्लिश स्कूल में एक मई से समर कैंप प्रारंभ हो गया है। प्राचार्य रूपिका लॉरेंस ने बताया, 31 मई तक यह कैंप लगेगा। कैंप में बच्चों को संगीत, कला और खेल की विशेष रूप से ट्रेनिंग दी जा रही है। समर कैंप का आकर्षण फायरलैस कुकिंग है। इसके अलावा क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल, चेस, वॉलीबॉल, पियानो, गिटार, सिगिंग, इंग्लिश स्पीकिंग, इंफर्मेशन टेक्नोलॉजी की भी क्लास लगेगी। इसमें सभी बच्चे शामिल हो सकते हैं। इसी तरह सेंट पॉल्स कैथेड्रल के संडे स्कूल के बच्चों के लिए में 2 से 12 मई तक सुबह 7 से 11 बजे तक वेकेशन बाइबल स्कूल लगाया जा रहा है। इसके लिए पालक पास्ट्रेट कोर्ट, पास्ट्रेट कमेटी व संडे स्कूल शिक्षकों से संपर्क कर सकते हैं। सेंट जेकब चर्च जोरा में भी वीबीएस अर्थात वेकेशन बाइबल स्कूल क्लासेज लगाई जा रही हैं।

### संडे स्कूल के बच्चों ने पेश किए नृत्य-गीत

तेलीबांधा संडे स्कूल के वेकेशन बाइबल स्कूल के समापन समारोह में बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने समूह तथा एकल गीत व नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों को बाइबल की शिक्षा के साथ साथ खेलकूद, फैंसी ड्रेस, क्राफ्ट्स इत्यादि में पारंगत कराया गया।पुरस्कार वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सेंट पॉल कैथेड्रल के पादरी सुनील कुमार, संडे स्कूल सुप्रीटेंडेंट डॉ.नेहा पिल्ले, सचिव पल्लवी मिंज उपस्थित रहीं। बाइबल की उत्तम नैतिक शिक्षाएं प्रदान करने के साथ बच्चों के लिए खेल व विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

**नीट यूजी 5 मई को, एक्सपर्ट्स ने बताया एग्जाम से पहले खुद को कैसे करें तैयार**

# 7 घंटे की नींद से बेहतर होते हैं दिमाग के न्यूरॉन्स एम्स के लिए बनाएं अंडर-600 स्कोर का टारगेट

"देशभर के 557 शहरों के केंद्रों पर 24 लाख से अधिक उम्मीदवार 5 मई को एम्स व मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस के एडमिशन के लिए नीट अर्थाज नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट देंगे। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने 2 मई को नीट यूजी के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। पंजीकृत उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इस परीक्षा का आयोजन 13 भाषाओं यानी असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित किया जाएगा।

**रायपुर।** एग्जाम में अब मात्र दो दिन बच गए हैं। एग्जाम के आखिरी दिनों में सभी का पढ़ने का तरीका अलग होता है। हरिभूमि ने नीट एक्सपर्ट्स से बातचीत की और जानने का प्रयास किया कि नीट को लेकर आखिरी दिनों किस तरह पढ़ाई करनी चाहिए, जिससे एग्जाम में स्टूडेंट्स मानसिक और शारीरिक रूप से बेहतर प्रदर्शन कर सकें।



### 4 घंटे घंटे बैठे रहने की करे प्रैक्टिस

एग्जाम में पढ़ाई के साथ-साथ एक जगह पर बैठे रहने का भी अभ्यास जरूरी है। एग्जाम में बचे 2 दिन में एक ही जगह पर 4 घंटे बैठे रहने की प्रैक्टिस भी कर लें। इस दौरान आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक्स से दूर रहें। यह इन दिनों तेजी से बीमार कर रही है। मौसम बदल रहा है, ऐसे में ध्यान रखना है कि हैवी खाना न खाएं।

### पूरे वक्त पढ़ना और बिल्कुल नहीं पढ़ना दोनों ही पैनिक होने के लक्षण

एक्सपर्ट्स का कहना है कि कई स्टूडेंट्स एग्जाम के एक से दो दिन पहले बिल्कुल पढ़ना ही छोड़ देते हैं, वहीं कुछ स्ट्रेस में दिन-रात पढ़ते ही रहते हैं। दोनों ही तरीके स्टूडेंट्स के पैनिक होने के संकेत हैं। नीट एक्सपर्ट योगेश सोनी ने बताया, कई स्टूडेंट्स पूरे सिलेबस की तैयारी में जुट जाते हैं, ऐसा नहीं करना है। स्टूडेंट्स को उन पुराने टॉपिक्स को उठाकर नहीं पढ़ना है जो उनसे नहीं बना पाए थे। इसके बजाय बीते 10 दिन में जो मॉक टेस्ट आपने दिए हैं, उनमें जो सवाल गलत किए हैं, केवल उनकी थ्योरी को पढ़ें। ध्यान रहे कि सिर्फ सवाल से जुड़ी थ्योरी पढ़नी है, पूरा चैप्टर नहीं।

### नींद की साइकिल है महत्वपूर्ण

जो स्टूडेंट्स सालभर नीट की तैयार कर एग्जाम देने जा रहे हैं वे इस बात का विशेष ध्यान दें कि कठिन चैप्टर को एग्जाम के एक दिन पहले या रात में पढ़कर न सोएं। नीट शिक्षक एसके यादव का कहना है कि दिमाग में सवाल को लेकर कन्फ्यूजन पैदा न करें। इससे एग्जाम से पहले और एग्जाम वाले दिन खुद को तनावमुक्त रख पाएंगे। खुद पर भरोसा करें कि आपने अब तक जो भी पढ़ा है, बस वही एग्जाम में पूछा जाएगा। कुछ भी नया या बहुत पुराना नहीं पढ़ें। दो दिनों में अपनी नींद की साइकिल सुधारें। टॉपर के लिए कम से कम 7 घंटे की नींद जरूरी है। इससे दिमाग के न्यूरॉन्स अच्छे से वर्क करेंगे। पेपर देते वक्त गलतियों से बचें।

### राजधानी में मात्र एक केंद्र

परीक्षा के लिए रायपुर में सिर्फ एक केंद्र बनाया गया। होलीक्रॉस के लोधीपारा ब्रांच में यह सेंटर बनाया गया है। सुरक्षा संबंधित व्यवस्था के लिए प्रशासन द्वारा पुलिस को खत लिखा गया है तो वहीं बिजली व्यवस्था बनाए रखने के लिए विद्युत मंडल से भी पत्र व्यवहार किया गया है। परीक्षा समय का ब्यौरा देते हुए इस दौरान बिजली कटौती नहीं करने और व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किया गया है।

### छग में स्टेट कोटे का कटऑफ गया था 4257 रैंक तक

छत्तीसगढ़ में स्टेट कोटे के तहत पिछले साल जनरल कटऑफ 4257 रैंक तक गया था। ऐसे में स्टूडेंट्स अगर 600 से 650 के बीच में स्कोर करते हैं तो सरकारी मेडिकल कॉलेज में एडमिशन आसानी से मिल पाता है। एक्सपर्ट के मुताबिक नेशनल लेवल का इंस्टिट्यूट होने के कारण एम्स में स्टेट कोटा नहीं होता, ऐसे में देशभर के स्टूडेंट्स को यहां बराबर चांस मिलता है। एम्स चाहिए तो स्टूडेंट्स को अंडर-600 स्कोर का टारगेट बनाना होगा।



### प्रवेशपत्र में गड़बड़ी है तो कर सकते हैं ईमेल

- परीक्षा दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.20 बजे तक आयोजित की जाएगी।
- एक दिन पहले एग्जाम सेंटर की विजिट कर लें, ताकि आपको जाने का रास्ता और पहुंचने में लगने वाले समय का अंदाजा हो।
- डेढ़ बजे से एग्जाम शुरू होगा, तो कोशिश करें कि 12 बजे से पहले घर से निकल जाएं।
- ड्रेस कोड हाफ टी-शर्ट में ही एग्जाम देने जाएं, जिसमें कॉलर और बटन न हो। पैंट की जगह लोअर पहनें ताकि बेल्ट न लगानी पड़े।
- पैरों में जूते या सैंडल की बजाय बाथरूम स्लीपर पहनें। इसके अलावा अंगूठी, चेन, ब्रेसलेट, घड़ी, क्लिप, इयर रिंग जैसी चीजें भी न पहनें
- यदि किसी उम्मीदवार को नीट एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में कोई कठिनाई आती है, तो वह 011-40759000 पर एनटीए से संपर्क कर सकता है। इसके अलावा उम्मीदवार neet@nta.ac.in पर ई-मेल भी भेज सकते हैं

## शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में दस दिवसीय समर कैंप शुरू

## नैतिक शिक्षा का अभाव, इसलिए असफलता के लिए नहीं हो पा रहे तैयार, इससे तनाव

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद् सेवा प्रभाग की ओर से बच्चों के नैतिक और आध्यात्मिक उत्थान के लिए शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में समर कैंप का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। उद्घाटन में इंदिरा गांधी कृषि विवि के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल व आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव व संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी शामिल रहे। कुलपति डॉ. गिरीश ने कहा कि पहले घर में माता-पिता और बुजुर्गों से जो शिक्षा मिलती थी, वह आज नहीं मिल पा रही है। नैतिक शिक्षा के अभाव में हम बच्चों को भविष्य में मिलने वाली असफलता के लिए तैयार नहीं कर पा रहे हैं। फलस्वरूप बच्चे अपने जीवन को ही समाप्त कर लेते हैं। वर्चुअल शिक्षा पर ज्यादा निर्भर होने के कारण परिवार में वैचारिक लेन-देन का अभाव सा हो गया है। वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग में टिके रहने के लिए आशा और निराशा दोनों का सामना करने की शक्ति हमारे अंदर होनी चाहिए।



### 'वॉच' का प्रत्येक शब्द देता है शिक्षा

कुलपति डॉ. टी. रामाराव ने कहा, जीवन में अनेक समस्याएं आएंगी किंतु उन चुनौतियों से घबराकर दूर नहीं भागना है। बल्कि उनका सामना कर आगे बढ़ना है। तभी हम सफल कहलाएंगे। उन्होंने बतलाया कि घड़ी को अंग्रेजी में वॉच कहते हैं। इसका एक-एक शब्द हमें शिक्षा देता है। पहला शब्द है डब्लू जो कि हमें बतलाता है कि वॉच यूअर वर्ड अर्थात अपने शब्दों पर ध्यान दो। सबसे मीठा बोलो। कटु वचन न बोलो। फिर है ए शब्द, जो कहता है कि वॉच यूअर एक्शन अर्थात अच्छे कर्म करो। फिर आता है-टी शब्द, जो कहता है कि वाच यूअर थॉट्स। सदैव सबके लिए शुभ सोचो। फिर है-सी, अर्थात वाच यूअर कैरेक्टर।

### बाल्यावस्था सबसे अनमोल समय

राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा, बाल्यावस्था जीवन का सबसे अनमोल समय है। इस समय हम जैसा चाहें वैसा अपने संस्कारों और विचारों को ढाल सकते हैं। संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि आज बच्चों के सामने जीवन को महान बनाने का कोई लक्ष्य नहीं है। जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान शिक्षा महज जीविकोपार्जन का माध्यम बनकर रह गई है।

## 'मेंटल हॉस्पिटल' रहा अव्वल मॉडल में बताई दिल की गति

**रायपुर।** सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में इस साल भी अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत 2 मई को मॉडल एग्जिबिशन कंपटीशन से हुई। इसमें संस्था के छात्र-छात्राओं ने मानव के विभिन्न अंगों जैसे-कोशिका, हृदय, किडनी, फेफड़ा, गर्भाशय, मस्तिष्क, आंख सहित विभिन्न अस्पतालों यथा-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मनोपचार केंद्र व बच्चों के अस्पताल के मॉडल बनाकर प्रदर्शित किए। छात्रों ने मॉडल के माध्यम से इन स्वास्थ्य केंद्रों में दी जाने वाली सुविधाओं और मानव शरीर के अंगों के विषय में बताया। प्रतियोगिता में काजल एवं नंदिनी एंड ग्रुप द्वारा बनाया गया मेंटल हॉस्पिटल प्रथम स्थान पर रहा। द्वितीय स्थान हर्षा एवं अंजलि एंड ग्रुप द्वारा बनाए गए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मॉडल ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान बीएससी फर्स्ट ईयर से हेमंत एंड ग्रुप ने प्राप्त किया। जज के रूप में गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य शैलू साजी, रविवि के इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग के डॉ. एके श्रीवास्तव सहित अन्य विशेषज्ञों ने अपना निर्णय दिया। संस्था के प्राचार्य पुष्पेंद्र कर्ष सहित समस्त शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।



**स्कूली बच्चों के तनाव प्रबंधन पर शहीद स्मारक में खास कार्यशाला**

# डिजिटल कंटेंट के कारण बढ़ी है बच्चों में मैच्योरिटी पालकों के लिए जरूरी नई पीढ़ी के टैलेंट को समझना

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बच्चों पर परीक्षा परिणाम के लिए दबाव न बनाएं। पालकों का बच्चों के साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार करना आवश्यक है। ये बातें कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कही। वे शहीद स्मारक भवन में स्कूली बच्चों के तनाव प्रबंधन कार्यशाला में पालकों और शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा, परीक्षा के दौरान बच्चों के दिमाग को फ्रेश रखने के लिए घर में बेहतर वातावरण तैयार करें। आज के समय में डिजिटल कंटेंट आने से बच्चों में मैच्योरिटी बढ़ी है। सभी बच्चों में अलग-अलग प्रतिभाएं होती हैं। उनके टैलेंट को समझें और उनमें निखार लाएं। जिससे वे मूल प्रवृत्ति से हटकर दबाव महसूस न करें।

### निबंध प्रतियोगिता में ले सकते हैं हिस्सा

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा, बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम के पूर्व बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में देश की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन होगा। बेहतर निबंध लिखने वाले बच्चों को कलेक्टर के साथ समय बिताने का अवसर दिया जाएगा।



### लिखकर करवाएं अभ्यास

इसके आगे उन्होंने कहा, परीक्षा परिणाम के पूर्व बच्चों को तनावपूर्ण माहौल से बाहर निकालें। बच्चों को नियमित तौर पर अध्ययन कराएं। साथ ही बच्चों में किसी भी कंटेट को लिख-लिखकर पढ़ने का अभ्यास कराएं। बच्चों के दिनचर्या में व्यायाम करने की आदत डालें। इसके अलावा बच्चों के माता-पिता के बीच हेल्दी रिश्ते होने चाहिए। इससे ही बच्चों में तनाव कम होता है। बालमन के लिए माता-पिता को रोल मॉडल बनने की आवश्यकता है। बच्चों को तनावपूर्ण माहौल से बाहर करने के लिए उन्हें शौक पूरा करने का अवसर दें। इससे उनकी नैसर्गिंक प्रतिभाओं में निखार आएगा। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप व जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल समेत शिक्षक व पालकगण उपस्थित थे।



### अंकों से ना हो श्रेष्ठता का निर्धारण

विशेषज्ञों ने स्कूली विद्यार्थियों के पालकों से लगभग एक घंटे तक संवाद किया और बच्चों के मनोविज्ञान, उनके समग्र विकास, चुनौतियों से जूझने की प्रवृत्तियों पर गहनता से विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठता अंक आधारित न होकर व्यक्तित्व आधारित होना चाहिए, जिससे कि विद्यार्थी अपने सकारात्मक पक्षों को आगे लेकर जीवन की चुनौतियों को पार करने की राह स्वयं निकाल सकें।आधुनिक तकनीक के युग में बच्चों के समक्ष सूचनाओं के स्त्रोत असीमित हैं। ऐसे में सदाचार, आत्मानुशासन व सत्यनिष्ठ प्रयासों से आगे बढ़ने की प्रेरणा घर की दहलीज से स्कूल की कक्षाओं में एक समान मिलनी चाहिए।

## कैंपस लाइव

# जेईई एडवांस्ड के लिए अर्जी 7 तक केंद्र के रूप में जोड़े 3 नए शहर




**रायपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2024 के लिए विदेशों में नए परीक्षा केंद्र जोड़े हैं। आईआईटी मद्रास जिसने 27 अप्रैल को जेईई एडवांस 2024 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की थी, अब आवेदकों को चयन करने की अनुमति देगा। नए परीक्षा केंद्र शहर अबू धाबी, दुबई और काठमांडू हैं। आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया है, उम्मीदवार जेईई एडवांस्ड में शामिल होने के लिए तीन शहरों बू धाबी, दुबई और काठमांडू में से भी चुन सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही भारत में केंद्रों का चयन कर लिया है और विदेशी केंद्रों के विकल्प के बिना शुल्क का भुगतान कर दिया है, उन्हें अपने केंद्र और देश की पसंद को सही करने का अवसर मिलेगा। भारत और विदेश में परीक्षा केंद्रों के लिए पंजीकरण शुल्क अलग-अलग है।

### 9 जून को आएंगे परिणाम

जेईई एडवांस के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 7 मई है। 17 मई को जेईई एडवांस्ड एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए पंजीकरण संख्या, जन्म तिथि और मोबाइल नंबर जैसी लॉगिन जानकारी प्रदान करन होगी। जेईई एडवांस्ड एडमिट कार्ड में उम्मीदवारों के व्यक्तिगत विवरण, परीक्षा केंद्र का पता और महत्वपूर्ण निर्देश शामिल रहेंगे। आंसर-की 2 जून को ऑनलाइन प्रदर्शित की जाएगी। अनंतिम उत्तर कुंजी पर प्रतिक्रिया और टिप्पणियां 2 जून से दर्ज की जाएगी। आईआईटी मद्रास के अनुसार, जेईई एडवांस 2024 की अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम की ऑनलाइन घोषणा 9 जून को की जाएगी। विस्तृत जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## एग्जाम अपडेट

# होटल मैनेजमेंट प्रवेश परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी, पर्चे 11 को



**रायपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड देखने और डाउनलोड करने के लिए उन्हें वेबसाइट पर लॉग इन करने के लिए आवेदन संख्या और जन्मतिथि जैसे अपने क्रेडेंशियल की आवश्यकता होगी। साथ ही उम्मीदवारों को परीक्षा हॉल में अपना एडमिट कार्ड लाना होगा। अधिक जानकारी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

### बीएससी हॉस्पिटैलिटी में मिलेगा दाखिला

एनटीए 11 मई 2024 को एनसीएचएम जेईई परीक्षा आयोजित करेगा। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए आयोजित की जाती है जो नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग से संबद्ध इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) में बीएससी हॉस्पिटैलिटी और होटल एडमिनिस्ट्रेशन में प्रवेश लेना चाहते हैं। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में किसी भी कठिनाई या एडमिट कार्ड में मौजूद विवरण में विसंगति के मामले में, उम्मीदवार एनटीए हेल्प डेस्क से 011-40759000 पर संपर्क कर सकते हैं या **nchm@nta** पर एक ई-मेल भेज सकते हैं।

## जॉब अलर्ट

# कृषि अनुसंधान संस्थान ने रिसर्च एसोसिएट के लिए मांगे आवेदन

**रायपुर।** सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की गई है। आईसीएआर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने कई पद पर भर्ती निकाली है। जिसके लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट iari.res.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस अभियान के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 12 मई तय की गई है। आईसीएआर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में 15 पद भरे जाएंगे। अभियान के जरिए रिसर्च एसोसिएट (आरए) के 4 पद, सीनियर रिसर्च फेलो के 6 पद, यंग प्रोफेशनल के 4 पद और यंग प्रोफेशनल आईटी के एक पद भरे जाएंगे। रिसर्च एसोसिएट पद पर चयनित उम्मीदवारों को वेतन 54 हजार रुपए मिलेगा। सीनियर रिसर्च फेलो पद पर चयनित अभ्यर्थियों को 35 हजार रुपए और यंग प्रोफेशनल पद पर चयनित उम्मीदवारों को 42 हजार रुपए सैलरी दी जाएगी। ज्यादा डिटेल्स के लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट की मदद ले सकते हैं।

### जरूरी है पीएचडी

रिसर्च एसोसिएट (आरए) पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के पीएचडी डिग्री होनी चाहिए। सीनियर रिसर्च फेलो (एसआरएफ) के लिए किसी भी विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में मास्टर डिग्री होनी चाहिए। जबकि यंग प्रोफेशनल के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार के पास किसी भी विषय में पोस्ट ग्रेज्यूएट की डिग्री होनी जरूरी है। रिसर्च एसोसिएट के पद के लिए अप्लाई करने वाले अभ्यर्थी की उम्र 40 वर्ष से 45 वर्ष तक होनी चाहिए। जबकि सीनियर रिसर्च फेलो की आयु 35 साल से लेकर 40 साल के मध्य होनी चाहिए। यंग प्रोफेशनल II पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की उम्र 21 वर्ष से 45 वर्ष तक होनी चाहिए।

## युवाओं को शुभ मुहूर्त का इंतजार नहीं, 'अक्ती' पर हो रही विवाह की तैयारियां

# शुक्र ग्रह अस्त...इस कारण अक्षय तृतीया पर विवाह को लेकर मतभेद

# इसके इतर...आर्य समाज में सजेंगे मंडप, कोर्ट मैरिज के लिए भी अर्जी

**शुक्र ग्रह अस्त होने से मांगलिक कार्यों पर विराम भले ही लग गया हो, लेकिन शादी को लेकर लोगों की तैयारियां जारी हैं। शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण अक्षय तृतीया पर विवाह को लेकर मतभेद की स्थिति निर्मित हो रही है। शुक्र ग्रह के अस्त होने पर किसी भी प्रकार के मंगल कार्य की मनाही है, इसलिए एक पक्ष इस दौरान शादी नहीं करने के पक्ष में है।**

**रायपुर।** एक वर्ग ऐसा भी है, जिसका यह कहना है कि अक्षत तृतीया अपने में अबूझ मुहूर्त है, इस कारण विशेष लग्न देखने की आवश्यकता इस दिन नहीं है। इन सबसे बीच शहर में शादियों का दौर जारी है। थोक में ऐसे लोग भी हैं, जो विशेष मुहूर्त अथवा लग्न ना देखते हुए आर्य समाज में विवाह करते हैं। इस बार अक्षय तृतीया में लोगों शादी के लिए थोक में अर्जी दी है।

आर्य समाज में इन दिनों लोग बिना मुहूर्त के विवाह करने पहुंच रहे हैं। बैजनाथपारा और संजय नगर के आर्य समाज में मई माह में ही 20 से अधिक लोगों ने शादी के लिए पंजीयन करवाया है। इनमें से अधिकतर अक्षय तृतीया पर फेरे लेंगे। दूर से आने वाले लोग शादी के लिए पहले से ही सारी जानकारी लेने के बाद तय समय और दिन पहुंचते हैं। पंजीयन देखने के बाद वर-वधू का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड सहित प्रमाणित आईडी की छायाप्रति सहित दो-दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ विवाह के लिए शुल्क जमा भी जमा करते हैं। अक्षय तृतीया तक पंजीयन की यह संख्या और अधिक बढ़ने की संभावना है।



### कोर्ट मैरिज के लिए भी 5 आवेदन

*कलेक्ट्रेट में कोर्ट मैरिज करने वालों की शादी मंगलवार को करवाई जाती है। इसके तहत मई माह के पहले मंगलवार को शादी करने के लिए अभी तक 5 लोगों ने तय राशि जमा करके आवेदन लिया है। इसमें शादी से पहले वर और वधू को अपना जन्म प्रमाण पत्र और जरुरी दस्तावेज के साथ सहमति देनी होती है। इसके बाद ही उनके आवेदन पर विचार किया जाता है। जिनके द्वारा प्रक्रिया की जाती है, उन्हें मंगलवार को कोर्ट मैरिज के लिए समय दिया जाता है, इसमें उन्हें तीन गवाह के साथ समय पर पहुंचना होता है।*

### गुरु 5 जून व शुक्र 27 जून तक अस्त

शुक्र के साथ ही गुरु भी अस्त होने जा रहा है। गुरु 8 मई से 5 जून तक अस्त रहेगा। वहीं, शुक्र 4 मई से 27 जून तक अस्त होगा। इस कारण मई और जून में शादी सहित किसी भी मांगलिक काम के लिए मुहूर्त नहीं होंगे। दोनों ग्रह के उदय होने के बाद 9 जुलाई से विवाह मुहूर्त शुरू हो रहे हैं। जुलाई में भी शादियों के लिए सिर्फ 6 मुहूर्त हैं। 15 जुलाई को विवाह मुहूर्त के बाद 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ हो जाएगा। पुनः 11 नवंबर को शादी प्रारंभ हो सकेगी।



### दो माह बाद के लिए अभी से मशक्कत


चूंकि दो माह शादियों के लिए कोई मुहूर्त नहीं हैं, इसलिए ग्रहों के उदित होते ही थोक में शादियां होंगी। उस दौरान किसी तरह की दिक्कत ना हो, इसलिए लोग पहले ही एडवांस में बुकिंग करवा रहे हैं। इसमें भवनों की बुकिंग से लेकर बैंड-बाजे और धुमाल की भी बुकिंग शामिल है। जुलाई में लोगों को कुछ ही मुहूर्त शादियों के लिए मिलेंगे। इस दौरान भवनों की मारामारी रहेगी। भवन के अलावा लोग पुरोहितों से भी एडवांस में ही तारीखें ले रहे हैं। शादी संबंधित अन्य बुकिंग भी जुलाई माह के लिए अभी से शुरू कर दी गई है।




### तैयारियों संग बुकिंग भी

अक्षय तृतीया में शादियों के लिए बाजार में खरीदी भी बड़े पैमाने पर हो रही है। लोग कपड़ों से लेकर सोने-चांदी तक की खरीदी कर रहे हैं। अक्षय तृतीया के बाद विवाह मुहूर्त नहीं होने के कारण सराफा मार्केट में रौनक कम हो जाएगी। इसलिए प्रतिष्ठानों द्वारा कई तरह के ऑफर इन दिनों अपने ग्राहकों को दिए जा रहे हैं। सोने-चांदी की कीमतों में लगातार उछाल के बाद बीते कुछ दिनों में ठहराव आया है। इसका भी असर बाजार में दिख रहा है। अक्षय तृतीया पर खरीदी के लिए बुकिंग भी हो रही है। लोग एडवांस में ही पसंद की चीजों की बुकिंग करवा रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स सहित अन्य सेक्टर में भी ऑफर दिए जा रहे हैं।





### अहम है इन ग्रहों की गणना

गुरु और शुक्र ग्रह की गणना को खास मानने के कारण इनके अस्त होने की स्थिति में विवाह नहीं होते हैं। सनातन परंपरा में ज्योतिषी शादी के मुहूर्त निकालने के लिए गुरु और शुक्र की गणना को बेहद खास माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब से दोनों ग्रह शुभ होते हैं तो वैवाहिक जीवन अच्छा व्यतीत होता है। इस कारण इनके अस्त होने पर विवाह कार्य नहीं होते हैं।

### जून में होगा शुक्र का उदय

पं.मनोज शुक्ला ने बताया, शुक्र अस्त होने से 58 दिनों तक शादी के लिए कोई शुभ लग्न नहीं मिलने वाला है। अब मिथुन राशि में 27 जून की शाम 7.37 बजे शुक्र उदय होंगे। इसके बाद ही शादी के लिए उदया काल में शुभ लग्न के लिए तिथियां मिलेंगी। इसके पहले सभी मांगलिक कार्यों पर विराम लगता है। कई परिवार के लोग अक्षयकारी तृतीया तिथि पर लोकाचार्य के तहत विवाह करते हैं। इस तिथि पर किसी भी तरह का शुभ कार्य किया जा सकता है।

# आसान नहीं है 'बाल पुजारी' बनने की राह नौ दिनों तक परिवार से दूर रहकर कठित तप

**रायपुर।** हर साल की तरह इस बार भी श्री श्री शोलापुरी माता पूजा उत्सव की धूम डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित पूजा मैदान में मचने वाली है। इस बार कोलकाता से आए कारीगरों द्वारा भव्य पंडाल तैयार किया जा रहा है। वहीं 3 से 12 मई तक होने वाले उत्सव में माता की सेवा करने वाले तीन बाल पुजारियों द्वारा शुक्रवार सुबह माता के मंदिर में जाकर पूजा विधि के साथ नौ दिन सेवा का संकल्प बताने के बाद व्रत शुरु करने की सूचना दी जाएगी। इसके बाद शाम को निकलने वाली शोभायात्रा संग माता को पंडाल में लेकर आने के बाद स्वागत किया जाएगा। पूजा विधान को पारंपरिक तरीके से पी.मोहन व उनके सहयोगियों द्वारा इस बार भी सभी विधान किए जाएंगे। माता नित्य नए स्वरुप में भक्तों को दर्शन देंगी।



### सांसारिक पहनावे का त्याग

**पंडाल में ही निवास, सुबह देंगे माता को सूचना व शाम को स्वागत**

श्री श्री शोलापुरी माता पूजा समिति के अध्यक्ष एम.साई व सचिव सत्यम दुआ ने बताया कि नौ दिनों तक माता की सेवा के लिए तीन मुख्य पुजारी व बाल पुजारी शुक्रवार को सूर्योदय के साथ ही पूजा विधान का पालन करेंगे। वे नौ दिन परिवार से दूर रहते हुए सिर्फ एक धोती धारण करेंगे। इसके साथ ही वे साबुन, ब्रश, तेल, कंघी, दर्पण, सांसारिक पहनावे का त्याग करके पंडाल में रहेंगे। नित्य दो बार स्नान करने के बाद शरीर में हल्दी का लेप लगाएंगे।

### नारियल पानी का ही सेवन

उन्होंने बताया कि बाल पुजारी शुक्रवार को दिनभर नारियल पानी का सेवन करेंगे। पंडाल में स्थापना के बाद प्रतिदिन अलग-अलग पकवानों का भोग लगाते हुए माता की पूजा-अर्चना होगी। इसे ही बाल पुजारी ग्रहण करेंगे। नियम का पालन करते हुए 12 मई को महाभोग अर्पित करेंगे। पूजा उत्सव के 52वें वर्ष भी पूजा उत्सव में प्रतिदिन तीन क्विंटल श्री प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं पंडाल में रोज हल्दी व कुमकुम से पूजा विधि पुजारियों द्वारा की जाएगी।



# ध्रुव चरित्र के जरिए कर्म की प्रेरणा

**रायपुर।** रावतपुरा कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन पं. दिलीप त्रिपाठी ने राजाबली की कथा को जीवंत किया। सुबह 9.30 से दोपहर 1 बजे तक ध्रुव चरित्र को प्रस्तुत किया। इसके साथ ही दूसरे सत्र में दोपहर 3 बजे समुद्र मंथन और राजा बली-भगवान वामन की कथा की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई। समुद्र मंथन की कथा सुनने श्रोताओं की भीड़ उमड़ी रही। कथा के बीच में वामन भगवान की आकर्षक झांकी दिखाई गई। सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। आयोजक देवेन्द्र देवांगन, प्रेमनारायण, योगेश सहित कॉलोनीवासियों कथा का श्रवण किया।

### गर्मी के बाद भी जुटे श्रद्धालु

तेज गर्मी के बाद भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ और वे भागवत कथा का श्रवण करने जुटे रहे। कथा के दौरान निकाली गई झांकी ने सभी का मन मोह लिया। विविध प्रसंगों के माध्यम से लोगों को धर्म और कर्म के पथ पर चलने की प्रेरणा दी गई।

## यूपी बोर्ड की दसवीं कक्षा की टॉपर प्राची सोशल मीडिया में कर रहीं ट्रेंड

# हार्मोन्स असंतुलन का कारण बदलती लाइफ स्टाइल और फास्टफूड किशोर भी तेजी से आ रहे चपेट में, दस सालों में तीगुने हुए मरीज

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** विभिन्न राज्यों में बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम अब घोषित होने लगे हैं। उत्तरप्रदेश बोर्ड के परिणाम भी बीते दिनों जारी किए गए। इसके बाद से ही यूपी बोर्ड की दसवीं टॉपर प्राची निगम सोशल साइट्स पर ट्रेंड कर रही हैं। इसकी वजह उनके चेहरे पर बाल हैं। कई लोगों ने जहां उन्हें ट्रोल किया तो बड़ी संख्या में लोग उनके सपोर्ट में आए और उनके टैलेंट की सराहना की। शहर के चिकित्सकों का कहना है कि आधुनिकता के साथ ही महिलाओं और युवतियों में यह समस्या बढ़ी है। इसकी वजह वे बदलते लाइफस्टाइल और खान-पान को मानते हैं। हरिभूमि ने शहर के विभिन्न अस्पतालों के चिकित्सकों से बातचीत की और कारण जानने का प्रयास किया। इस विषय पर चिकित्सकों ने पीसीओडी की समस्या को इसका मुख्य कारण बताया। इसके चलते विभिन्न समस्याएं महिलाओं को होती हैं। कम उम्र में भी लड़कियों को यह समस्या हो रही है। इसके उपचार के लिए कई तरह की तकनीक भी उपलब्ध है। चिकित्सकों के मुताबिक, इस तरह के मरीजों की संख्या बीते दस सालों में तीन से चार गुना तक बढ़ी है।



### फास्ट फूड से हो रहे कई नुकसान

डॉ.मृत्युंजय सिंह ने बताया, महिलाओं में यह समस्या हार्मोनल असंतुलन की वजह से होती है। अधिकतर महिलाओं की समस्या हार्मोनल असंतुलन होती है, जिसके लिए चिकित्सकों की सलाह पर लेजर हेयर रिमूवल बेहतर उपचार है। इसके अलावा पीसीओडी, क्रीम या दवाई का इंफेक्शन भी इसका कारण हो सकता है। इसके लिए पहले जांच कराई जाती है। बीते कुछ सालों में खानपान में बदलाव के साथ अब महिलाएं भी फास्ट फूड का सेवन कर रही हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।

### एक्टिविटी में कमी भी बड़ा कारण

डॉ.भरत सिंघानिया ने बताया, बदलते खानपान के कारण अब महिलाओं में फेशियल हेयर ग्रोथ की समस्या बढ़ती जा रही। अधिक हेयर ग्रोथ के विभिन्न कारण हो सकते हैं। इसमें पीसीओडी, लाइफ स्टाइल, मोटापा, एक्टिविटी में कमी और जेनेटिक जैसी चीजें शामिल हैं। वर्तमान में रोजाना महिलाएं अपनी समस्या के साथ अस्पताल पहुंचती हैं, जिसमें अधिकतर को पीसीओडी की समस्या होती है। इसके चलते महिलाएं हेयर रिमूव कराने पहुंचती है। लेजर ट्रीटमेंट से पहले पेशेंट की समस्या को समझने की कोशिश की जाती है, जिसके बाद उनका उपचार किया जाता है। कई तरह के उपचार इसके लिए मौजूद हैं।

### तकनीक 25 सालों से, लेकिन बीते वर्षों में बढ़ा प्रयोग

डॉ.सुनील कालड़ा ने बताया कि बीते 25 सालों से लेजर हेयर रिमूवल की तकनीक शहर में हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसका प्रयोग बढ़ा है। प्रत्येक पेशेंट की समस्या के अनुसार ट्रीटमेंट किया जाता है। तनाव व पीसीओडी के चलते यह समस्या बढ़ती जा रही है। इसके लिए धूप से बचाव, उत्तम खान-पान का होना जरूरी है। बीते कुछ सालों में महिलाओं में जागरूकता बढ़ी है, जिससे वह इसके कारणों को जानने क्लिनिक पहुंच रही हैं। आवश्यकतानुसार ट्रीटमेंट भी वे करवा रही हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद और प्लेट कंबाइंड की क्रिकेट में जीत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा सीनियर एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट टी 20 टुर्नामेंट का आयोजन 26 अप्रैल से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें दो ग्रुप में विभाजित की गई है। ग्रुप ए का नौवां टी-20 मैच 02 मई गुरुवार को दुर्ग तथा बिलासपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। जिसमें दुर्ग ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बिलासपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 19.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाये। जिसमें पवन परनाते ने 52 रन तथा अभिजित ताह ने 38 रनों का योगदान दिया। दुर्ग की ओर से लुभांश सिंह ने 4 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुर्ग की टीम 18.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 96 रन ही बना पायी। दुर्ग की ओर से आदित्य सिंह ने 55 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से ओम वैष्णव ने 4 विकेट तथा श्रेयम सुंदरम ने 3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ने मैच 45 रनों से जीत लिया। ग्रुप ए का दसवां टी-20 रायपुर तथा जशपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। जिसमें रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ने 19.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाये। जिसमें शाश्वत शारदा ने 30 रन तथा अनुज तिवारी ने 29 रनों का योगदान दिया। जशपुर की ओर से अवधेश कुमार ने 3 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जशपुर 18.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 135 रन ही बना सकी। जशपुर की ओर से अभिषेक सिंह ने 34 रन बनाये। रायपुर की ओर से आशीष चौहान तथा उत्कर्ष तिवारी ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ने मैच 29 रनों से जीत लिया। ग्रुप बी का नौवां टी 20 मैच महासमुंद तथा बिलासपुर ब्लू के मध्य सेक्टर 10 ग्रांउड, बी एस पी भिलाई में खेला गया। जिसमें महासमुंद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। महासमुंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 254 रन बनाये। जिसमें शशांक चंद्राकर ने 131 रन तथा कृतेश साहु ने 71 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर ब्लू की ओर से इम्तियाज एवं रवि ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर ब्लू 17.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 128 रन ही बना पायी। बिलासपुर ब्लू की ओर से नावेद ने 29 रन तथा सुयश ने 28 रन बनाये। महासमुंद की ओर से नमन ध्रुव तथा इसहाक खान ने 3-3 विकेट लिए। महासमुंद ने 126 रनों से यह मैच जीत लिया।



### सीनियर एशियन कुराश चैंपियनशिप के ट्रायल में निर्णायक बनाए गए आदित्य और बैजनाथ

**रायपुर।** ईरान ( तेहरान) में जून माह में आयोजित होने वाली सीनियर एशियन कुराश चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुराश टीम का सलेक्शन ट्रायल पुणे (येरवडा) के डिविजनल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 4 और 5 मई को आयोजित किया जायेगा।जिसमें छत्तीसगढ़ के अंतराष्ट्रीय निर्णायक आदित्य सिंह एवं बैजनाथ गुप्ता को ट्रायल में बतौर निर्णायक की अहम भूमिका निभाने के लिए अंतराष्ट्रीय कुराश महासंघ तकनिकी निर्देशक रवि कपूर द्वारा नियुक्त किया गया है।



### राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता हेतु जिले का चयन ट्रायल कल




**रायपुर।** वुशु एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा राजनांदगांव में आयोजित 15 वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु कोरबा जिले की टीम का चयन ट्रायल का आयोजन 4 मई को सुबह 8 से 11 बजे तक किया जाना है। कोरबा जिला वूशु एसोसिएशन के सीईओ सियाराम बंजारे ने बताया कि उक्त सलेकशन ट्रायल में जिले के सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक बालिका खिलाड़ी निशुल्क भाग ले सकते है। खिलाड़ियों को सेफ्टी इक्विपमेंट, आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र अपने साथ लेकर प्रतियोगिता स्थल पर लाना होगा। चयन ट्रायल में पर्यवेक्षक के रूप में ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ मार्शल आर्ट प्रशिक्षक तारकेश मिश्रा उपस्थित रहेंगे। राज स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित खिलाड़ियों को जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान एवं सचिव डी सुरेश क्रिस्टोफर द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

● आंखों में सूखापन आगे बन सकता है अंधेपन की वजह

# गर्मियों की कुछ आदतें बढ़ा सकती हैं आंखों में सूखापन, बचाव बेहद जरूरी

ड्राई आइज यानी आंखों में सूखापन की स्थिति अंधेपन का कारण बन सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया लोगों में बढ़ते स्क्रीनटाइम के कारण ड्राई आइज की दिक्कत बढ़ने का खतरा इन दिनों सबसे अधिक देखा जा रहा है, इसके अलावा गर्मियों की एक आदत भी इस जोखिम को बढ़ाने वाली पाई गई है। इतना ही नहीं जिन लोगों को पहले से ही आंखों में सूखापन की दिक्कत रही है उनके लिए समस्याओं के और भी बढ़ने का खतरा हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, एयर कंडीशनिंग (एसी) में ज्यादा समय बिताने वाले लोगों में आंखों के सूखापन बढ़ने का जोखिम अधिक देखा जा रहा है। एसी की हवा वातावरण में शुष्की बढ़ा देती है जिसका न सिर्फ आंखों की दिक्कतें बढ़ जाती हैं साथ ही सांस से संबंधित समस्याओं का भी खतरा हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि एसी भले ही गर्मियों में आरामदायक माहौल देती है पर इसके अधिक इस्तेमाल से बचा जाना चाहिए।



### एसी के कारण बढ़ सकती हैं आंखों की दिक्कतें

क्या आप भी एसी में कुछ समय बिताने के बाद आंखों में जलन, किरकिरापन, चिपचिपाहट, खुजली महसूस करते हैं? अगर हां तो सावधान हो जाइए ये ड्राई आइज समस्या का संकेत हो सकती है। डॉक्टर बताते हैं ड्राई आई सिंड्रोम या आंखों में सूखापन बढ़ने की स्थिति, आंसू की परतों में होने वाली दिक्कत या आंसू के उत्पादन की कमी को दर्शाता है। एसी वाले स्थान जहां तापमान बहुत कम होता है वहां वातावरण में नमी की भी कमी हो जाती है। हवा में शुष्की बढ़ने के कारण आंखों में मौजूद आंसू का भी वाष्पीकरण होने लगता है जिससे आंखों में सूखापन की समस्या बढ़ने लग जाती है।

### आंखों की नमी कम होना समस्याकारक

डॉक्टर बताते हैं, आंखों को स्वस्थ रखने के लिए वातावरण का तापमान ज्यादा कम या अधिक नहीं होना चाहिए। यहीं कारण है कि सिर्फ एसी ही नहीं सर्दियों में हीटर के भी अधिक इस्तेमाल के कारण भी आंखों में सूखापन का खतरा बढ़ जाता है। आंखों के गोलक को हाइड्रेटेड रहने और आरामदायक तरीके से चारो तरफ घूमने के लिए नमी की आवश्यकता होती है। इसीलिए आंखों में प्राकृतिक रूप से आंसू का उत्पादन होता रहता है। हालांकि तापमान में बदलाव के कारण आंसू के उत्पादन प्रभावित हो जाता है जिसके कारण आंखों में दर्द, लालिमा, जलन का खतरा बढ़ जाता है।

वातानुकूलित कमरों में ज्यादा समय बिताने से बचें। एसी का तापमान 23 डिग्री सेल्सियस से कम नहीं रखा जाना चाहिए। अपने चेहरे को एयर कंडीशनर की ओर करके बैठने से बचें, जिससे आंखें सीधे एयर कंडीशनर की हवा के संपर्क में न आएं। जिस कमरे में एयरकंडीशनर हो वहां पर वेंटिलेशन की भी अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे हवा का संचार बेहतर बना रहे। आंखों में सूखापन की समस्या से बचे रहने के लिए पर्याप्त तरल पदार्थों का सेवन भी जरूर किया जाना चाहिए। कंप्यूटर या मोबाइल फोन के अधिक इस्तेमाल से भी बचा जाना चाहिए। ये भी ड्राई आइज के खतरे को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

### क्या है डॉक्टर्स की सलाह?

सुप्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डा. डीएम भावनानी बताते हैं आंखें बहुत ही संवेदनशील अंग हैं, ऐसे में इसकी देखभाल को लेकर भी विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। अगर आपको आंखों में कोई भी दिक्कत जैसे लालिमा, दर्द, जलन, चुभन कुछ समय से बनी हुई है तो खुद से किसी दवा या आई ड्रॉप का इस्तेमाल करने से बचें। बिना डॉक्टरी सलाह के किसी भी दवा के इस्तेमाल से आंखों को गंभीर क्षति होने का खतरा हो सकता है। एसी-हीटर के सीधे संपर्क में बैठने से बचा जाना चाहिए।



## सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद हैं ये फूड कॉम्बिनेशन्स, एक्सपर्ट से जानें फायदे



एक कहावत है एक से भले दो,यह कहावत कुछ फूड कॉम्बिनेशन पर एकदम सटीक बैठता है। वैसे तो कुदरत के तरफ से दिए गए सभी खाद्य पदार्थ फल, फ्रूट्स सेहत को फायदा पहुंचाते हैं लेकिन इन्हीं में कुछ फूड को जब इकट्ठा जोड़कर खाते हैं तो सेहत को दोगुना फायदा पहुंचता है। आज हम इस लेख में डायटीशियन बिन्नी चौधरी द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो में बताए गए बेस्ट फूड कॉम्बिनेशन के बारे में आपको बता रहे हैं।

### सेहत के लिए बेस्ट हैं ये फूड कॉम्बिनेशन्स

पोहा खाते हैं तो आप इसमें नींबू का रस जरूर एड करें,इससे न सिर्फ स्वाद बढ़िया लगता है बल्कि इससे शरीर में आयरन बूस्ट होता है। नींबू विटामिन सी का बढ़िया स्रोत है। वहीं पोहा में आयरन की मात्रा होती है,नींबू में मौजूद विटामिन सी आपके शरीर को आयरन को अवशोषित करने में मदद करता है। ग्रीन टी में नींबू डालकर पीने से भी आपको काफी फायदा पहुंच सकता है। ग्रीन टी और नींबू दोनों में ही एंटीऑक्सीडेंट का बढ़िया स्रोत है,ऐसे आपको एंटीऑक्सीडेंट का डबल डोज मिलता है। इससे शरीर को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है। दाल और चावल का कॉम्बिनेशन्स भी आपके लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। यह संपूर्ण प्रोटीन का पावर हाउस है। दाल और चावल का क्लासिक कॉम्बिनेशन्स से आपके शरीर को सभी जरूरी अमीनो एसिड मिलता है, जिससे बॉडी के टिशू को रिपेयर करने में मदद मिलती है।

हल्दी तो सेहत को अनेको लाभ पहुंचाती है लेकिन काली मिर्च के साथ हल्दी का कॉम्बिनेशन्स जबरदस्त फायदे दे सकता है। यह करक्यूमिन अवशोषण को काफी हद तक बढ़ा देती है,जो एक शक्तिशाली सूजनरोधी यौगिक है।

दही और नट्स एक बेहतरीन कॉम्बिनेशन है, नट्स और बीजों के साथ दही एक प्रोटीन और स्वस्थ वसा का पावर हाउस है जो आपके दिमाग को तेज रखने में मदद करता है। इससे याद करने की और फोकस करने की क्षमता में सुधार होता है।

## कब है अक्षय तृतीया, जानिए पूजा शुभ मुहूर्त और महत्व



अक्षय तृतीया के पर्व को आखा तीज के नाम से भी जाना है। इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में भी मनाई जाती है। यह पर्व हिंदू और जैन दोनों ही धर्म के भक्तों के लिए विशेष होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया तिथि पर ही त्रेता और सतयुग का आरंभ भी हुआ था, इसलिए इसे कृतयुगादि तृतीया भी कहते हैं। हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया के पर्व का विशेष महत्व होता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार यह तिथि बहुत ही शुभ और महत्वपूर्ण मानी गई है। वैदिक पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया का पर्व हर वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। अक्षय का अर्थ होता है, जिसका कभी क्षय न हो या फिर जिसका कभी नाश न हो। इस तिथि को अबूझ मुहूर्त माना गया है, यानी इस तिथि पर किसी भी शुभ कार्य और मांगलिक कार्य को करने के लिए मुहूर्त का विचार नहीं करना पड़ता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस शुभ पर्व पर किया जाने वाले दान-पुण्य, पूजा-पाठ, जाप-तप और शुभ कर्म करने पर मिलने वाला फलों में कमी नहीं होती है। इस दिन सोने के गहने खरीदने और मां लक्ष्मी की पूजा करने का विशेष महत्व होता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया का पावन त्योहार 10 मई को है।

### अक्षय तृतीया तिथि और पूजा शुभ मुहूर्त 2024

इस वर्ष अक्षय तृतीया का पर्व शुक्रवार, 10 मई को मनाया जाएगा। वैदिक पंचांग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरुआत 10 मई को सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर होगी। वहीं इस तृतीया तिथि का समापन 11 मई 2024 को सुबह 02 बजकर 50 मिनट पर होगी। उदया तिथि के आधार पर 10 मई को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा। अक्षय तृतीया त्योहार पर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 48 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 23 मिनट तक रहेगा।

### अक्षय तृतीया का महत्व

अक्षय तृतीया के पर्व को आखा तीज के नाम से भी जाना है। इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में भी मनाई जाती है। यह पर्व हिंदू और जैन दोनों ही धर्म के भक्तों के लिए विशेष होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया तिथि पर ही त्रेता और सतयुग का आरंभ भी हुआ था, इसलिए इसे कृतयुगादि तृतीया भी कहते हैं। अक्षय तृतीया तिथि की अधिष्ठात्री देवी पार्वती हैं। इस पर्व पर स्नान, दान, जप, यज्ञ, स्वाध्याय और तर्पण आदि जो भी कर्म किए जाते हैं वे सब अक्षय हो जाते हैं। यह तिथि सम्पूर्ण पापों का नाश करने वाली और सभी सुखों को प्रदान करने वाली मानी गई है। शुभ कार्यों को संपन्न करने के लिए अक्षय तृतीया की तिथि बहुत ही खास मानी गई है।

## स्कूल के बाद बढ़ गई जॉब की टेंशन, तो करें ये शॉर्ट टर्म कोर्स



12वीं बोर्ड एग्जाम के बाद से छात्रों को रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार था। अब, यूपी, बिहार, झारखंड, हरियाणा समेत कई राज्यों के रिजल्ट धीरे-धीरे जारी किए जा रहे हैं। नतीजे के बाद छात्रों के मन में अब आगे की पढ़ाई और करियर से संबंधित चिंताएं होने लगती है। ऐसे में, आप फुल डिग्री कोर्स की जगह शॉर्ट टर्म कोर्स को चुन कर भी आगे बढ़ सकते हैं।

शॉर्ट टर्म कोर्स कई तरह के होते हैं। ये 2 महीने से लेकर 2 साल तक के हो सकते हैं। अमूमन ये कोर्स फुल डिग्री की तुलना में कम खर्चीले होते हैं। इन कोर्स को करके कैंडिडेट प्राइवेट क्षेत्र में अपना अच्छा करियर बना सकते हैं। इन शॉर्ट टर्म कोर्स की खास बात यह है कि आप इसे रेगुलर कोर्स के साथ-साथ भी कर सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको इसी के बारे में विस्तार से बताते हैं।

### डिजिटल मार्केटिंग का करें कोर्स

आज के समय में डिजिटल मार्केटिंग की डिमांड बढ़ रही है। आप इस फील्ड में करियर बनाने के लिए इससे जुड़े सर्टिफिकेट या डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। हालांकि, इसके लिए फुल टाइम कोर्स में एमबीए करने का ऑप्शन भी मौजूद है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि डिजिटल मार्केटिंग कोर्स ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड में 6 महीने से लेकर 1 साल तक का कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स के बाद आप खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं या फिर किसी प्राइवेट कंपनी में अच्छी नौकरी भी कर सकते हैं।



### योगा में भी बना सकते हैं करियर

12वीं के बाद योगा इंस्ट्रक्टर बनने का ऑप्शन भी काफी अच्छा है। कई ऐसे इंस्टीट्यूट हैं जो योगा में कोर्सेज कराते हैं। यहां तक कि भारत सरकार का आयुष मंत्रालय भी योग शिक्षकों के प्रशिक्षण और प्रमाणन के लिए कई कार्यक्रम पेश करता है। इन पाठ्यक्रमों को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। ये कंप्लीट करने के बाद आपको एक सर्टिफिकेट मिलता है। इस सर्टिफिकेट को पाकर आप स्कूल में योगा टीचर के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

### 1 साल का वेब डिजाइनिंग कोर्स भी है बेस्ट

12वीं के बाद करियर को लेकर अगर मन में कई सारे सवाल आ रहे हैं, तो उन स्टूडेंट्स के लिए वेब डिजाइनिंग का सर्टिफिकेट या डिप्लोमा कोर्स भी अच्छा ऑप्शन है। इस कोर्स की अवधि कुछ महीनों से लेकर 1 साल तक की भी हो सकती है। मार्केट में वेब डिजाइनरों की मांग लगातार बढ़ रही है। डिजिटल दौर में इसकी डिमांड और आगे बढ़ सकती है। ऐसे में, आप अगर इंटरेस्टेड हैं, तो इस कोर्स का चुनाव कर सकते हैं। जानकारी के लिए बता दें, एक वेब डिजाइनर का काम वेबसाइट को यूजर फ्रेंडली बनाना होता है। यह कोर्स करने के बाद आप प्राइवेट सेक्टर में नौकरी कर सकते हैं या फिर फ्रीलांसिंग करके भी लाखों की कमाई कर सकते हैं।













## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# स्वास्थ्य समस्याओं के बीच कोर्ट में पेश होंगे हार्वे विंस्टीन



कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बावजूद, हॉलीवुड के मशहूर निर्माता हार्वे विंस्टीन के आज न्यूयॉर्क शहर में अदालत की सुनवाई में शामिल होने की उम्मीद है। अदालत में उन्हें साल 2018 के बलात्कार मामले में फिर से आरोप का सामना करना पड़ेगा। कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बावजूद, हॉलीवुड के मशहूर निर्माता हार्वे विंस्टीन के आज न्यूयॉर्क शहर में अदालत की सुनवाई में शामिल होने की उम्मीद है। अदालत में उन्हें साल 2018 के बलात्कार मामले में फिर से आरोप का सामना करना पड़ेगा। विंस्टीन के प्रवक्ता जूडा एंगेलमेयर ने एक मीडिया बातचीत में इसकी पुष्टि की। साथ ही बताया कि चिकित्सीय स्थितियों के बावजूद विंस्टीन अदालत में उपस्थित होने का इरादा रखते हैं। विंस्टीन मधुमेह, हृदय संबंधी समस्याओं और स्लीप एपनिया जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं। हाल ही में स्वास्थ्य जटिलताओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, उनके प्रतिनिधियों ने डेडलाइन द्वारा प्राप्त एक बयान में आश्वासन दिया कि उनकी चिकित्सा स्थितियों का प्रबंधन किया जा रहा है और वह बेलेव्यू अस्पताल के डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उनके स्वास्थ्य के बारे में चिंताओं के बावजूद, विंस्टीन के वकीलों ने सुनवाई में भाग लेने की उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। न्यूयॉर्क अपील कोर्ट ने एक नए मुकदमे का आदेश दिया, जिसकी सुनवाई आज से शुरू हो जाएगी। नए मुकदमे में पिछले फैसले को रद्द कर दिया गया है और आपराधिक न्याय प्रक्रिया को फिर से शुरू किया जाएगा।

### टालीवुड

# विवादों में फंसी रजनीकांत की 'कुली', फिल्म के संगीत को लेकर इलैयाराजा ने भेजा कानूनी नोट



रजनीकांत की फिल्म 'कुली' विवादों में घिरती नजर आ रही है। हाल में ही फिल्म का टीजर जारी किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा ने मेकर्स को लीगल नोटिस भेजा है। साउथ फिल्मों के दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा को उनके संगीत के लिए काफी पसंद किया जाता है। उन्होंने कई बेहतरीन गाने में अपना संगीत दिया है। फिलहाल मीडिया में उनसे जुड़ी एक खबर काफी तेजी से फैल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने सन पिक्चर्स को कानूनी नोटिस भेजा है। ये नोटिस आगामी फिल्म 'कुली' में उनके संगीत को बिना अनुमति उपयोग किए जाने को लेकर भेजा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो देश के दिग्गज संगीतकार ने सन पिक्चर्स को बिना अनुमति उनके संगीत का उपयोग करने पर लीगल नोटिस जारी किया है। प्रोडक्शन कंपनी सन पिक्चर्स की आगामी फिल्म 'कुली' का हाल में ही टीजर जारी किया गया था। सुपरस्टार रजनीकांत की इस फिल्म को मशहूर निर्देशक लोकेश कनकराज निर्देशित कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक इस फिल्म के टीजर में इलैयाराजा के संगीत का उपयोग किया गया है, जिसको लेकर उन्होंने मेकर्स को कानूनी नोटिस भेजा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इलैयाराजा ने सन पिक्चर्स को कानूनी नोटिस जारी करते हुए दो विकल्प दिए हैं। मेकर्स को या तो उनका संगीत टीजर से हटाना होगा या फिर उनसे इसकी अनुमति लेनी होगी। इस टीजर में उनके गीत वा वा पक्कम वा के संगीत का उपयोग किया गया है। इस पर दिग्गज संगीतकार की तरफ से इस संगीत को हटाने या उनसे अनुमति लेने को कहा गया है।

### भोजपुरी

# खेसारी की 'डंस' मचाएगी धूम, शूटिंग हुई पूरी



खेसारी लाल यादव की नई फिल्म 'डंस' की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसमें नागिन एक्ट्रेस आहना शर्मा ने खेसारी के साथ एक डांसिंग नंबर का तड़का लगाया है। दोनों का एक पार्टी सॉन्ग फिल्म में रखा गया है-

भोजपुरी फिल्मों के ट्रेंडिंग स्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म 'डंस' की शूटिंग अब खत्म हो गई है । पिछले लगभग 42 दिनों तक इस फ़ल्मि की शूटिंग मुम्बई और उत्तरप्रदेश के कई लोकेशनों पर की गई। अब फाइनली फ़ल्मि की शूटिंग समाप्त हो गई और फ़ल्मि अब पोस्ट प्रोडक्शन की ओर चली गई है। फ़ल्मि शूटिंग के आखिरी शेड्यूल में इस फ़ल्मि में एक बेहद खूबसूरत पब सॉन्ग (पार्टी सॉन्ग) को शूट किया गया। यह गाना उम्मीद से बेहतर बनकर निकला है और उससे भी बढ़कर इस गाने का फिल्मांकन हुआ है। इस पब सॉन्ग में टेलीविजन के दुनिया की मशहूर नागिन आहना शर्मा ने अपने अदाओं की बिजली से खेसारी लाल यादव को घायल किया है। गाने में बेहद रोमांटिक और इरॉटिक फील देने में आहना शर्मा ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है।



लाइफ स्टाइल

## लंदन की हरियाली

एक दौर में लंदन को फैशन वीक की एक महीने तक चलने वाली मैराथन के दौरान छूटने वाला शहर माना जाता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। लंदन फैशन वीक को अब मिलान, पेरिस और न्यूयॉर्क से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद दर्शकों को इसका हर सीजन में इंतजार रहता है। समर सीजन में लंदन फैशन वीक ने हरे रंग को प्राथमिकता दी है। कुछ माडल अपनी तैयारी में नजर आ रहे हैं।

# इन गलतियों की वजह से गर्मियों में झड़ने लगते हैं बाल



गर्मी के मौसम में लोग अपनी त्वचा और बालों का काफी ध्यान रखते हैं। त्वचा का ध्यान रखने के लिए लोग तरह-तरह के ऐसे स्किन केयर ट्रीटमेंट कराते हैं, जो त्वचा के लिए काफी लाभदायक होती हैं। त्वचा का ध्यान रखते-रखते कई बार लोग अपने बालों का ध्यान रखना भूल जाते हैं, जिसकी वजह से बाल झड़ने लगते हैं।

अगर आप चाहते हैं कि आपके बाल झड़े नहीं तो आपको अपने बालों का खास ध्यान रखने की जरूरत है। इसके लिए बहुत से लोग तो स्पा जाकर हेयर केयर ट्रीटमेंट कराते हैं। बहुत से लोग जो स्पा नहीं जा पाते वो घरेलू नुस्खे अपनाते हैं।

वैसे बाल झड़ने की समस्या ज्यादातर सर्दी या बरसात के मौसम में होती है, लेकिन अगर गर्मी के इस मौसम में भी आपके बाल झड़ रहे हैं तो मतलब साफ है कि इसके पीछे की वजह आपकी ही लापरवाही है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी गलतियों के बारे में बताएंगे, जो जाने-अनजाने में लोग कर जाते हैं। इन गलतियों की वजह से ही गर्मी के मौसम में बाल झड़ते हैं। गर्मी के मौसम में समय-समय पर बाल धोना काफी जरूरी होता है। अगर आप अपने बालों की सफाई सही से नहीं करेंगे तो बाल काफी ज्यादा मात्रा में झड़ने लगते हैं। गंदगी रहने की वजह से बाल काफी कमजोर हो जाते हैं, जो हेयर फॉल के साथ कई अन्य परेशानियों को जन्म देते हैं।

बहुत सी महिलाएं गर्मी से बचने के लिए बालों की टाइट चोटी बना लेती हैं। ऐसे में भले ही उन्हें आराम मिलता है, लेकिन टाइट चोटी से बालों में काफी पसीना आता है, जिससे बाल कमजोर होते हैं। ऐसे में अपने बालों में टाइट चोटी न बनाएं। उसकी जगह या तो बाल खुले रखें या फिर बालों में हल्की ढीली चोटी बनाएं। बहुत से लोग गर्मी के मौसम में भी डैंड्रफ यानी कि रूसी की समस्या से परेशान रहते हैं। ये सिर्फ बालों में पसीना आने की वजह से होती है। ऐसे में जब रूसी बालों में हो जाती है तो बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं। घर से बाहर निकलते वक्त हमेशा बालों में कुछ बांधे जरूर।

# झुलसाती गर्मी में भी कायम रखना है जलवा तो जान लें जरूरी टिप्स

फैशन



मई के महीने की शुरुआत के साथ गर्मियों ने भी अपना सितम दिखाना शरू कर दिया है। इस मौसम की तेज झुलसती धूप की वजह से लोगों को काफी परेशानी होने लगी है। तेज धूप का सीधा असर त्वचा के साथ-साथ स्वास्थय पर भी पड़ता है। अगर इस मौसम में शरीर का ध्यान न रखा जाए तो कई तरह की परेशानियां सामने आने लगती हैं। ऐसे में गर्मी में लोग अपने पहनावे तक में बदलाव कर देते हैं। लड़कियों के पास तो गर्मी के लिए भी कई तरह के विकल्प होते हैं, लेकिन ज्यादातर लड़कों को ये समझ नहीं आता कि वो इस मौसम में कैसे कपड़े पहनें, जो आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी हों। अगर आप भी उन लोगों में से हैं, जिनके लिए आराम के साथ स्टाइल भी जरूरी होता है तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे अभिनेताओं के लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जो गर्मियों के लिए परफेक्ट हैं।



**शाहिद कपूर:** अगर फॉर्मल लुक में कूल दिखना चाहते हैं तो आप शाहिद कपूर के इस लुक से टिप्स ले सकते हैं। ऐसी स्ट्राइप वाली शर्ट और पैंट आपके लुक को स्टाइलिश दिखने में मदद करेगी। इसके साथ आंखों पर चश्मा जरूर लगाएं।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा:** अगर आप पतले-दुबले हैं तो गर्मी में सिद्धार्थ मल्होत्रा के इस लुक से टिप्स लेकर तैयार हो सकते हैं। पतले लोग अगर लेयरिंग करके कपड़े कैरी करते हैं तो वो थोड़ा हेल्दी लगते हैं। ऐसे में आप स्लीवलेस टीशर्ट के साथ ऐसी फुल स्लीव की शर्ट कैरी कर सकते हैं।

**अर्जुन कपूर:** अगर सिंपल कपड़े पहनना पसंद है तो आप ब्लैक जींस के साथ इस तरह की टीशर्ट कैरी कर सकते हैं। जिम जाने वाले लड़कों के लिए ये लुक सबसे सही माना जाता है। इस लुक में उनकी बॉडी भी दिखाई देती है।

**वरुण धवन:** अगर कहीं घूमने जा रहे हैं तो आप इस तरह की शर्ट और शॉर्ट्स खरीद सकते हैं। वरुण धवन का ये लुक आपको कूल दिखने में मदद करेगा। ये बीच पर जाने के लिए परफेक्ट आउटफिट है।

**विक्की कौशल:** अगर आपको कुर्ता पहनने का शौक है तो गर्मी के मौसम में विक्की के जैसा हल्के रंग का कुर्ता आपको स्टाइलिश दिखने में मदद करेगा। इसके साथ जींस की जगह व्हाइट पैंट या फिर पायजामा ही पहनें।

**रणवीर सिंह:** रणवीर सिंह अपने स्टाइल की वजह से वैसे भी हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। ऐसे में आप चाहें तो समर लुक के लिए उनसे टिप्स ले सकते हैं।

# गुलाब की पंखुड़ियों की मदद से करें पेडीक्योर



चेहरे के साथ-साथ पैरों की सुन्दरता भी जरूरी हैं और इनकी सुन्दरता बनी रही इसके लिए महिलाएं पार्लर जाकर पेडीक्योर करवाती हैं। पेडीक्योर करने से जहां पैरों की त्वचा चमक जाती हैं तो वहीं पैर पर जमा कालापन और डेड स्किन भी निकल जाती हैं। पार्लर में जाकर पेडीक्योर करवाने से इसमें काफी खर्च भी होता है लेकिन अब आप गुलाब की पंखुड़ियां की मदद से घर में पेडीक्योर कर सकती हैं।

**पेडीक्योर करने के लिए गुलाब की पंखुड़ियां का करें इस्तेमाल:** गुलाब और गुलाब जल में कई सारे गुण होते हैं और ये सभी गुण चेहरे की सुन्दरता बनाए रखने के लिए उपयोगी हैं। गुलाबकी पंखुड़ियों में एंटीबैक्टीरियल, एंटीसेप्टिक समेत कई सारे गुण होते और ये सभी गुण त्वचा से जुड़ी समस्या को कम करने में मदद करते हैं। वहीं पैरों की सुन्दरता बनाए रखने के लिए गुलाब का इस्तेमाल किया जा सकता हैं। गुलाब की पंखुड़ियां से पेडीक्योर करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।इससे जहां आपके पैरों स्किन से जुड़ी समस्या कम होगी तो वहीं आपके पैरों सुन्दर और कोमल भी होंगे।

**इस तरह करें गुलाब की पंखुड़ियां से पेडीक्योर:** एक टब या बाल्टी में हल्का गर्म पानी ले,इस पानी में गुलाब की पंखुड़ियां और कच्चा दूध डालें। इन चीजों को मिक्स अच्छे से मिक्स कर लें। इस मिश्रण में पैरों को डालकर 10 मिनट डूबा लें। इसके बाद पैरों को स्क्रब करें। स्क्रब करने के बाद पैरों को तौलिए से साफ करें। इसके बाद फुट स्क्रब का इस्तेमाल करें। पैरों को दोबारा टब में डालकर साफ करें। पैरों में मॉइश्चराइजर लगाएं। इस उपाय को हफ्ते में 2 दिन करें। वहीं पैरों को स्वस्थ रखने के लिए आप पैरों को स्क्रब जरूर करें। महिलाएं हफ्ते में 2 दिन पैरों को अच्छी तरह से स्क्रब करें।

# दिखना है खूबसूरत तो फाउंडेशन लगाते समय रखें इन बातों का ध्यान



बदलते समय के साथ-साथ मेकअप महिलाओं की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। ये सिर्फ खूबसूरत दिखने का सामान नहीं, बल्कि ये एक आर्ट है। देखने वाले तो खूबसूरत मेकअप देखकर बस तारीफ करके चले जाते हैं पर, असल में इसे करने में काफी मेहनत लगती है।

खासकर जब कोई महिला मेकअप करने बैठती है तो उसके लिए सही तरह का फाउंडेशन का इस्तेमाल करना और सही से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। अगर आपका फाउंडेशन सही नहीं लगा है तो आपका बाकी का पूरा मेकअप खराब हो सकता है। खासकर दिक्कत उन महिलाओं के सामने आती है जो हमेशा नेचुरल मेकअप पर भरोसा करती हैं।

**सबसे पहले जरूरी है सही फाउंडेशन का चुनाव:** अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल करने का सोच रही हैं तो सबसे पहले सही फाउंडेशन का होना बेहद जरूरी है। अगर ये आपकी स्किन टोन और टाइप के हिसाब का नहीं होगा तो हो सकता है कि इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा एक शेड डार्क या फिर एकदम सफेद दिखने लगे।

**सही से करें ब्लेंड:** अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल सही तरीके से करेंगी तो आपका लुक एकदम नेचुरल आएगा। क्या आप जानती हैं कि फाउंडेशन को लगाने से पहले सही से ब्लेंड करना चाहिए। ये जितना अच्छे से ब्लेंड होगा, उतना ही इसका लुक निखर कर आएगा।

**कंसीलर इस्तेमाल करते वक्त रखें ये ध्यान:** अगर आपके चेहरे पर पिंपल्स या अन्य दाग-धब्बे हैं तो कंसीलर का इस्तेमाल स्वाभाविक है। ऐसे में इसका इस्तेमाल फाउंडेशन के बाद ही करें वरना कंसीलर की वजह से फाउंडेशन का शेड खराब हो सकता है।

कार्नर न्यूज

## सूट को स्टाइलिश लुक देने बॉडी टाइप के अनुसार ही डिजाइन को चुनें

# गर्मी में इजी-ब्रीजी लुक देने का काम करेंगे फ्लोरल डिजाइंस के सलवार-कमीज

*रोजाना ऑफिस जाने सूट के डिजाइंस में आपको कई तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी। डिजाइन और फैब्रिक के लिए मौसम को समझना भी काफी जरूरी होता है। वहीं गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में इजी-ब्रीजी लुक के लिए फ्लोरल स्टाइल के सलवार-सूट डिजाइंस को पहन सकते हैं। तो आइए देखते हैं फ्लोरल डिजाइन वाले सलवार-सूट के खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन सलवार-सूट को स्टाइल करने के आसान टिप्स-*



### फ्रॉक स्टाइल सूट डिजाइन

फ्लोरल में आजकल फ्रॉक स्टाइलसलवार-सूटको काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इस तरह के लुक में आप स्लीव्स और फ्रॉक के घेरे के लिए कढ़ाई वर्क या लेस वर्क में फ्लोरल डिजाइन करवा सकते हैं। इस तरह में आपको फैंसी स्टाइल में सिल्क सूट में काफी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। इस तरह के सूट के साथ में आप धोती स्टाइल सलवार को स्टाइल करें।

### हैवी नेकलाइन डिजाइन सूट

सूट के नेकलाइन के लिए आप हैवी वर्क वाले डिजाइन को चुन सकती हैं। इसमें आप इस तरह के पैच वर्क की मदद लेकर कढ़ाई वर्क नेकलाइन पर करवा सकती हैं। इस तरह का डिजाइन देखने में सोबर और डेली वियर में आसानी से कैरी किया जा सकता है।

### कलीदार सलवार सूट

फैंसी डिजाइन के सलवार-सूट में आपको कई वेरायटी देखने को मिल जाएगी। इसमें आजकल कलीदार या अनारकली डिजाइन के सूट में कई तरह का वर्क देखने को मिल जाएगा। इस तरह के सूट आपको रेडीमेड या फैब्रिक लगभग 1,500 रुपये में मिल जाएंगे। गर्मी के मौसम के लिए प्रिंटेड पैटर्न के सूट कैरी करने में काफी लाइट होते हैं।